तापमान
अधिकतम 41.0 डिग्री
न्यूनतम 27.0 डिग्री

हरिभूमि
# जींद-कैथल भूमि

रोहतक, बुधवार, 21 मई 2025

11 कैबिनेट को विधिवत पद-गोपनीयता और कर्तव्यनिष्ठा की शपथ दिलवाई




11 प्रतिदिन सीएम विंडो को एक बार अवश्य खोलें



## खबर संक्षेप

### ट्रक की चपेट में आने से स्कूटी सवार घायल

**जींद।** नरवाना में तेजरफ्तार ट्रक की टक्कर से स्कूटी सवार महिला घायल हो गई। शहर थाना नरवाना पुलिस ने घायल की शिकायत पर फरार ट्रक चालक के खिलाफ मामला दर्ज किया है। नरवाना निवासी सुमन ने पुलिस को दी शिकायत में बताया की वह निजी स्कूल में अध्यापिका है।

### 5.42 ग्राम हेरोइन सहित दो नशा तस्कर गिरफ्तार

**कैथल।** चौकी महमुदपुर पुलिस द्वारा अजीमगढ क्षेत्र से दो नशा तस्करों को 5.42 ग्राम हेरोइन सहित काबू कर लिया गया। पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि पुलिस चौकी महमुदपुर प्रभारी एएसआई राजेश कुमार की टीम शाम के समय नाका अजीमगढ के पास नाकाबंदी कर वाहनों की चैकिंग कर रही थी। पुलिस टीम को सहयोगी सुत्रो से गुप्त जानकारी मिली थी।

### मकान से दो लाख की नकदी व जेवरात चोरी

**जींद।** सफीदों में चोरों ने मकान का ताला तोड़ कर दो लाख रुपये की नगदी तथा सोना, चांदी के जेवरातों को चोरी कर लिया। शहर थाना सफीदों पुलिस ने शिकायत के आधार पर अज्ञात लोगों के खिलाफ चोरी का मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। सफीदों निवासी निशा ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि वह गत 16 मई को मकान पर ताला लगा कर मायके सोनीपत चली गई थी।

### मारपीट के मामले में युवक घायल, केस दर्ज

**कैथल।** कस्बा सीवन में हुई मारपीट में एक युवक घायल हो गया। उसे अस्पताल में दाखिल करवाया गया है। सीवन के रवि ने सीवन पुलिस को दी शिकायत में आरोप लगाया है कि 14 मई को अशोक कुमार और सोनू ने मिलकर उसके भतीजे 22 वर्षीय अमानी पर हमला करते उसे घायल कर दिया।

### पोल्ट्री फार्म में घुस किया हमला, अज्ञात पर केस

**जींद।** गांव मखंड में बीती रात पोल्ट्री फार्म के कमरे के दरवाजे का शीशे तोड़ दो अज्ञात लोगों ने वहां सोए व्यक्ति पर हमला कर घायल कर दिया। उचाना थाना पुलिस ने घायल की शिकायत पर दो अज्ञात लोगों के खिलाफ मारपीट करने, तोडफ़ोड़ करने समेत विभिन्न धाराओं के तहत मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। गांव मखंड निवासी रोहताश ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि वह अपने खेत में बने पोल्ट्री फार्म के कमरे में सोया हुआ था।

### पदक विजेता नकद ईनाम के लिए करें आवेदन

**कैथल।** जिला खेल अधिकारी राजरानी ने बताया कि हरियाणा सरकार द्वारा हरियाणा राज्य की ओर से 38वें नेशनल गेम्स 2025 उत्तराखंड में पदक विजेता एवं भाग लेने वाले खिलाड़ियों को नकद ईनाम के लिए विभागीय ऑनलाइन पोर्टल पर ऑनलाइन आवेदन 15 जून तक आमंत्रित किए गए हैं।

### संदिग्ध हालात में महिला लापता

**जींद।** चमेली कालोनी से महिला के संदिग्ध हालात में गायब होने पर शहर थाना नरवाना पुलिस ने अज्ञात लोगों के खिलाफ मामला दर्ज किया है। चमेली कालोनी निवासी एक व्यक्ति ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि गत दिवस वह काम पर गया हुआ था। जब वह घर वापस लौटा तो उसकी पत्नी गायब मिली। तलाशने पर उसका कोई सुराग नही लगा।

### नि:शुल्क हेल्थ चेकअप का आयोजन 25 को

**कैथल।** पंजाबी वेलफेयर सभा द्वारा 25 मई को शहीद मदन लाल ढींगरा स्मारक पर नि:शुल्क हेल्थ चेकअप कैंप का आयोजन किया जाएगा। निर्णय पंजाबी वेलफेयर सभा के प्रधान सुभाष कथूरिया की अध्यक्षता में बैठक में लिया गया। इस बैठक में महासचिव महेश धमीजा सहित अन्य पदाधिकारी एवं सदस्य उपस्थित रहे।

### कैथल से करीब पांच हजार से अधिक विद्यार्थियों को करना होगा बाहर का रूख

# ऐसे में कैसे होगा बच्चों का एडमिशन, 12वीं पास 14684 व कॉलेजों में कुल सीट 9000

इस बार भी नई शिक्षा नीति के तहत दाखिला प्रक्रिया होगी, कुछ कालेजों ने नए कोर्स शुरू करने के लिए भी आवेदन किया हुआ है, अगर कोर्स मिल जाएंगे तो सीटों की संख्या बढ़ जाएगी



नरेश पंवार ▶▶| कैथल

हरियाणा विद्यालय शिक्षा बोर्ड और सीबीएसई की तरफ से दसवीं और 12वीं का परीक्षा परिणाम घोषित कर दिया गया है। अब 12वीं पास करने वाले विद्यार्थी कालेजों में दाखिला लेने के लिए आवेदन करेंगे। उच्चतर शिक्षा विभाग की तरफ से 19 मई को पोर्टल खोला जाएगा। इसमें शेड्यूल को लेकर जानकारी मिलेगी।

इस बार भी नई शिक्षा नीति के तहत दाखिला प्रक्रिया होगी। कुछ कालेजों ने नए कोर्स शुरू करने के लिए भी आवेदन किया हुआ है। अगर ये कोर्स मिल जाते हैं तो कालेजों में सीटों की संख्या बढ़ जाएगी। जिले भर के करीब 15 राजकीय और निजी कालेजों में करीब नौ हजार सीटें हैं। हरियाणा विद्यालय शिक्षा बोर्ड से जिले के 9576 विद्यार्थियों ने परीक्षा दी थी, इनमें से 8684 विद्यार्थी पास हुए हैं। सीबीएसई के तहत 7050 विद्यार्थियों ने परीक्षा दी थी, जिनमें से करीब 6000 विद्यार्थी पास हुए हैं। कुल 14684 विद्यार्थियों ने 12वीं पास ही है। परीक्षा परिणाम जारी होने के बाद कालेजों और आइटीआइ में जल्द ही दाखिलों को लेकर तैयारी शुरू कर दी जाएगी। वहीं इस बार 12वीं में पास आउट विद्यार्थियों की संख्या अधिक और कालेजों में सीटों की संख्या कम होने के कारण विद्यार्थियों का रूझान आइटीआइ की तरफ भी रहने का अनुमान जताया जा रहा है। युवाओं में विदेश जाने का क्रेज भी बना हुआ है। जिले के ऐसे कई गांव हैं जहां से 100 से ज्यादा युवा 12वीं की पढ़ाई करके विदेशों में जा चुके हैं। बता दें कि जिले में कुल 18 आइटीआइ हैं। इनमें नौ राजकीय और 09 प्राइवेट आईटीआई शामिल हैं। सभी में मिलाकर दाखिला की सीट करीब छह हजार हैं। आईटीआई में भी जून में दाखिला प्रक्रिया शुरू हो जाएगी और ऐसे में विद्यार्थी अपने कागजात तैयार रखें।

#### रा.आईटीआई में अनुमानित सीटें

| | |
|---|---|
| - राजकीय आईटीआई कैथल | 1200 |
| - राजकीय आईटीआई महिला कैथल | 300 |
| - राजकीय आईटीआई पूंडरी | 500 |
| - राजकीय आईटीआई महिला पूंडरी | 200 |
| - राजकीय आईटीआई कलायत | 700 |
| - राजकीय आईटीआई राजौंद | 500 |
| - राजकीय आईटीआई गुहणा | 150 |
| - राजकीय आईटीआई गुहला एट चीका | 400 |
| - राजकीय आईटीआई पबनावा | 500 |

#### पंजीकरण प्रक्रिया का रहा दूसरा दिन

आरकेएसडी कॉलेज, में शैक्षणिक सत्र 2025-26 के लिए 12वीं पास विद्यार्थियों के स्नातक पाठ्यक्रमों में पंजीकरण की प्रक्रिया का आज दूसरा दिन रहा। कॉलेज के स्टाफ रूम में स्थापित हेल्प डेस्क ने पूर्ण रूप से कार्य करना आरंभ कर दिया। कॉलेज में उपलब्ध विभिन्न पाठ्यक्रमों के बारे में जानकारी लेने आए विद्यार्थियों को यह भी बताया गया कि वे यहां हेल्प डेस्क पर ही पंजीकरण की प्रक्रिया भी पूरी कर सकते हैं। विद्यार्थी कॉलेज के स्टाफ रूम में स्थापित हेल्प डेस्क पर प्रातः 10:00 बजे से दोपहर 1:30 बजे तक आकर विभिन्न पाठ्यक्रमों की जानकारी प्राप्त कर सकते हैं और यहीं पंजीकरण प्रक्रिया भी पूरी कर सकते हैं। कालेज के समन्वयक एवं प्रवेश प्रभारी डा. विकास भारद्वाज ने बताया कि प्रवेश से संबंधित सभी तैयारियां पूर्ण कर ली हैं। विद्यार्थियों की प्रवेश संबंधित समस्याओं के समाधान के लिए कालेज परिसर में हेल्प डेस्क स्थापित किए जाएंगे।

#### हैल्प डेस्क स्थापित किया

उच्चतर शिक्षा विभाग पंचकुला के द्वारा हरियाणा के सभी कॉलेजों में स्नातक प्रथम वर्ष की कक्षाओं के लिए 19 मई से एडमिशन पोर्टल खोल दिया गया है श्री कपिल मुनि राजकीय महिला महाविद्यालय कलायत के प्राचार्य डा सुनील गर्ग ने बताया कि विभाग के निर्देशानुसार 17 मई तक कॉलेज के कोर्स, सीट तथा फीस की जानकारी अपलोड कर दी थी। बताया कि छात्राओं की सुविधा के लिए हेल्प डेस्क बना दिया गया है। एडमिशन प्रक्रिया के नोडल अधिकारी नवीन कुमार ने बताया कि स्नातक प्रथम वर्ष में दाखिला लेने की इच्छुक छात्राएं एडमिशन पोर्टल पर अपना रजिस्ट्रेशन करवाए। नवीन कुमार ने बताया कि छात्राएं फार्म भरते समय अपनी वरीयता अनुसार अधिकतम विषय समूहों का चुनाव करें।

## यूजी कोर्सेज में दाखिले के लिए पोर्टल ओपन

- कब तक चलेगी दाखिला प्रक्रिया, शेडयूल जारी नही

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

महाविद्यालयों में अंडर ग्रेजुएट (यूजी) कोर्स को लेकर सोमवार 19 मई से दाखिला प्रक्रिया शुरू हो गई है। हायर एजुकेशन निदेशालय ने पोर्टल पर लिंक भी जारी कर दिया है लेकिन अबतक यह जानकारी नही दी गई है कि कब तक दाखिला प्रक्रिया चलेगी। ऑनलाइ डॉक्यूमेंटस वेरिफिकेशन कब होगी, पहली मैरिट लिस्ट कब जारी होगी। इसके बाद फीस कब तक भरी जाएगी। इसे लेकर छात्र संश्य में है। हालांकि विद्यार्थी डीएचई पोर्टल पर पांच महाविद्यालयों की पसंद भर सकते हैं। इनमें मेरिट के अनुसार उनको कॉलेज और कोर्स अलॉट किया जाएगा। आपत्ति होने पर आएगा अलर्ट मैसेज :यूजी कोर्स में दाखिले के लिए उच्चतर शिक्षा निदेशालय की साइट पर जाना होगा। सौ रुपये की रजिस्ट्रेशन फीस भी लगेगी। साइट पर दिशा-निर्देशानुसार छात्र को अपने डॉक्यूमेंट्स भी अपलोड करने होंगे। यदि किसी तरह की आपत्ति होती है तो पोर्टल पर दिए गए मोबाइल नंबर पर एसएमएस से अलर्ट आएगा ताकि छात्र उस त्रुटि को ठीक कर सके। इसके बाद आपत्ति को हटा कर दोबारा आवेदन अपलोड करने का मौका भी छात्र को मिल रहा है। दाखिला प्रक्रिया तीन चरणों में चलेगी। आवेदन के बाद दो मेरिट सूची जारी होंगी। इसके बाद तीसरे चरण में ओपन काउंसलिंग होंगी। विद्यार्थी कॉलेजों के अलावा कितने भी कोर्स भर सकता है। कोर्स के लिए उनको अलग से आवेदन करने की जरूरत नहीं है। जींद में 17 कालेज व सीआरएस यूनिवर्सिटी में स्नातक की कुल साढ़े 11 हजार सीटें हैं। जबकि 12वीं कक्षा में शिक्षा बोर्ड भिवानी से 11,152 तथा सीबीएसई के 3575 बच्चे पास हैं। कुल 14727 बच्चे उच्चतर शिक्षा में दाखिले के लिए आवेदन करेंगे।

#### मेरिट के अनुसार कोर्स और कॉलेज अलॉट होंगे

राजकीय महाविद्यालय के प्राचार्य प्रो. सत्यवान मलिक ने बताया कि डीएचई द्वारा दाखिला पोर्टल को ओपन कर दिया गया है। फिलहाल दाखिला प्रक्रिया को लेकर पूरा शेडयूल नही आया है। पोर्टल पर आपत्ति पर विद्यार्थी को एसएमएस मिलेगा। वहीं एक विद्यार्थी पांच कॉलेजों की पसंद भर सकता है और कोर्स कितने भी भर सकता है। कोर्स के लिए अलग-अलग आवेदन की जरूरत नहीं होगी। मेरिट के अनुसार कोर्स व कॉलेज अलॉट होंगे।

## गर्मी के चलते बुलेट बनी आग का गोला

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कैथल



करनाल रोड स्थित सर छोटू चौक के पास एक बुलेट में गर्मी के चलते आग लग गई। इससे बड़ा हादसा होने से बच गया। घटना दोपहर करीब एक बजे की है। जब करनाल निवासी मयंक बाइक को लेकर चौक पर जूस पीने के लिए गया था। उसने अपनी बाइक जूस की दुकान के सामने खड़ी कर दी। धूप बहुत ज्यादा थी, जिससे वह काफी गर्म हो गई। जब युवक जूस पीने के बाद बाइक को स्टार्ट करने लगा तो उसमें अचानक आग लग गई। देखते ही देखते बाइक आग के गुब्बार में बदल गई। घटना की सूचना मिलते ही यातायात थाना पुलिस मौके पर पहुंची और आग पर काबू पाने का प्रयास किया, लेकिन आग इतनी ज्यादा थी कि उस पर आसानी से काबू नहीं पाया जा सका।इस पर ट्रैफिक पुलिस ने फायर ब्रिगेड को सूचना दी। फायर ब्रिगेड की गाड़ी मौके पर पहुंची और बाइक में लगी आग को बुझाया। गनीमत रहेगी आग बुलेट बाइक की पेट्रोल की टंकी में नहीं लगी, वरना आसपास के वाहनों और दुकानों को भी काफी नुकसान हो सकता था।यातायात थाना प्रभारी राजकुमार राणा ने बताया कि सूचना मिलते ही उनकी टीम मौके पर पहुंच गई थी। आग अगर टैंकी में आग लग जाती तो बड़ा हादसा हो सकता था। उन्होंने वाहन चालकों से अपील की कि प्रयास करें कि अपने वाहनों को छांव में खड़े करें। अगर धूप में हैं और गर्म है तो स्टार्ट करने से पहले थोड़ी देर छांव में खड़े कर दें। उन्होंने यह भी अपील की कि गर्मी के मौसम में दोपहर के समय अनावश्यक सफर करने से बचें।

## किलाजफरगढ़ में गहराया पेयजल संकट

### ग्रामीण बोले-10 से 15 रुपये प्रति कैंपर रखवाने के लिए हो रहे मजबूर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जुलाना



**जुलाना।** किलाजफरगढ़ गांव में पानी के लिए लगी महिलाओं की भीड़।

जुलाना क्षेत्र के किलाजफरगढ़ गांव में पेयजल संकट गहरा गया है। ग्रामीणों को भारी किल्लत से होकर गुजरना पड़ रहा है। किलाजफरगढ़ गांव में सामाजिक सरोकार परिवार संस्था द्वारा लगाया गया आरओ प्लांट ही लोगों की प्यास बुझा रहा है। जहां पर महिलाओं की भारी भीड़ एकत्रित होती है। रामकुमार, राजेश, मनोज, मनीष आदि ग्रामीणों ने बताया कि गांव में जनस्वास्थ्य विभाग द्वारा सप्ताह में एक बार ही सप्लाई छोड़ी जाती है वो भी ट्यूबवैल द्वारा ही गांव में पेयजल सप्लाई दी जाती है। जो पानी ट्यूबवैल द्वारा सप्लाई किया जाता है वो किसी भी लिहाज से पीने लायक नही होता। क्योंकि वो काफी खारा है। ग्रामीणों को 10 से 15 रुपये प्रति कैंपर रखवाने पर मजबूर होना पड़ रहा है। कई बार इसकी शिकायत जनस्वास्थ्य विभाग को भी दी लेकिन कोई भी समाधान नही हो पाया है। ग्रामीणों की मांग है कि उन्हें स्वच्छ पेयजल मुहैया करवाया जाए ताकि ग्रामीणों को हो रही परेशानी से निजात मिल सके। जनस्वास्थ्य विभाग जुलाना के जेई नवीन नेहरा ने बताया कि विभाग द्वारा हर तीसरे दिन पानी छोड़ा जा रहा है लेकिन लाइन पुरानी होने के कारण आगे तक पानी की सप्लाई नही पहुंच पाती। विभाग द्वारा जलघर के टैंक और लाइन का मसौदा बनाकर भेजा गया है। जल्द ही मंजूरी मिलते ही कार्य करवाया जाएगा।

## २.७२० किलोग्राम डोडा पोस्त के साथ महिला तस्कर गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

सीआईए स्टाफ सफीदों ने गाव रोहड़ में छापेमारी कर दो किलो 720 ग्राम डोडा पोस्त बरामद कर एक महिला को काबू किया है। सदर थाना सफीदों पुलिस ने पकड़ी गई महिला समेत दो लोगों के खिलाफ नशीले पदार्थ निरोधक अधिनियम के तहत मामला दर्ज कर पूछताछ शुरू कर दी है। सीआईए स्टाफ सफीदों को सूचना मिली थी कि गांव रोहड़ निवासी जसवीर कौर गांव के ही कुलविंद्र के साथ मिल कर नशीले पदार्थों का कारोबार करती है। उसने अपने घर मे बेचने के लिए नशीला पदार्थ रखा हुआ है। सूचना के आधार पर पुलिस ने जसवीर कौर के आवास पर छापा मारा। मौके पर जसवीर कौर मौजूद थी। जबकि कुलविंद्र वहां पर नही था। पुलिसकर्मियो ने मकान की तलाशी ली तो कमरे से डोडा पोस्त बरामद हुआ। जिसका वजन दो किलो 720 ग्राम पाया गया। सदर थाना सफीदों पुलिस ने जसवीर कौर तथा कुलविंद्र के खिलाफ नशीले पदार्थ निरोधक अधिनियम के तहत मामला दर्ज कर जसवीर कौर से पूछताछ शुरू कर दी है।

## ग्रामीण सफाई कर्मियों का प्रदर्शन

- कर्मचारियों के वेतन को 26 हजार करने की घोषणा को पूरा करे सरकार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद




**जींद।** मांगों को लेकर प्रदर्शन करते ग्रामीण सफाई कर्मचारी।

ग्रामीण सफाई कर्मचारी यूनियन के आह्वान पर सफाई कर्मियों ने मंगलवार को शहर में प्रदर्शन किया और लघु सचिवालय पहुंच कर मांगों को लेकर ज्ञापन डीडीपीओ को सौंपा। प्रदर्शन के दौरान कर्मचारियों ने सरकार के खिलाफ नारेबाजी की।प्रदर्शन की अध्यक्षता यूनियन के जिला प्रधान गुलाब सिंह ने की। जबकि संचालन जिला सचिव पवन कुमार ने किया। यूनियन के नेताओं ने बताया कि ग्रामीण सफाई कर्मचारी स्वच्छ भारत अभियान के तहत गांवों को स्वच्छ रखने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहे हैं लेकिन उनकी मूलभूत समस्याओं की अनदेखी की जा रही है। यूनियन जिला सचिव पवन कुमार ने कहा कि मुख्यमंत्री ने 24 नवंबर 2024 को जींद में डीएससी समाज के सम्मेलन में सफाई कर्मचारियों के वेतन को 26 हजार रुपये करने की घोषणा की थी लेकिन छह महीने बीत जाने के बाद भी इसका कोई नोटिफिकेशन जारी नहीं हुआ।

## अमेरिका भेजने का झांसा देकर 15 लाख हड़पने का आरोपित गिरफ्तार

- राशि वापस मांगी तो उसे लौटाने तथा धमकी देने का आरोप

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

अलेवा थाना पुलिस ने कनाडा का वर्क वीजा दिला कानूनी तरीके से अमेरिका भेजने का झांसा देकर 15 लाख रुपये हडपने के एक आरोपित को गिरफ्तार किया है। पुलिस आरोपित से पूछताछ कर रही है। गांव अलेवा निवासी कुलदीप ने 19 अप्रैल 2023 को पुलिस को दी शिकायत में बताया था कि गांव के ही मनदीप ने उसे बताया कि असंध में आस्ट्रेलियन ओवरसीज के नाम से विदेश भेजने का सेंटर खोला हुआ है। जिसे राजौंद निवासी नरेश, उसकी पत्नी गांव चोपड़ा निवासी बलविंद्र शर्मा, बलिंदर की पत्नी तथा संचालित करते हैं। मनदीप के माध्यम से ही वह आरोपितों से अपने बेटे रोबिन को अमेरीका भेजने के सिलसिले में मिला। आरोपितों ने बताया कि वह उसके बेटे रोबिन को दुबई के रास्ते कनाडा का वर्क परमिट दिला कर उसको कानूनी तरीके से अमेरीका भेज देंगे। जिसकी एवज में आरोपितों ने 28 लाख रुपये की डिमांड की। 15 लाख रुपये की राशि जनवरी 2022 तक दे दी गई।

### मौलिक शिक्षा निदेशालय ने स्कूल संचालकों को जारी किए निर्देश

## तेइस तक देनी होगी खाली सीटों की जानकारी

- जींद ब्लॉक में आरटीई के तहत एक हजार से अधिक आवेदन आए

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

निशुल्क व अनिवार्य बाल शिक्षा का अधिकार अधिनियम (आरटीई) के तहत जरूरतमंद विद्यार्थियों को मान्यता प्राप्त निजी स्कूलों को पोर्टल पर खाली सीटों की जानकारी देने के लिए मौलिक शिक्षा निदेशालय ने स्कूल संचालकों को 23 मई तक का समय दिया है। इसके लिए निदेशालय ने दोबारा से पोर्टल खोला है। जबकि आरटीई के तहत जिन स्कूलों ने एमआईएस पोर्टल पर 25 प्रतिशत सीट नहीं दर्शाई थी, उनका एमआईएस पोर्टल विभाग ने बंद कर दिया था। जींद ब्लॉक में लगभग 125 स्कूलों में से 20 से 22 स्कूल संचालकों ने एमआईएस पोर्टल पर आरटीई के तहत सीट नहीं दशाई थी। जिसका एमआईएस बंद कर दिया गया था। अब ऐसे स्कूल संचलाकों को दोबारा से मौका दिया गया है ताकि आरटीई के तहत सभी स्कूल संचालक सीट दर्शाएं और विद्यार्थियों का दाखिला सुनिश्चित हो। आरटीई के तहत निजी स्कूलों में जरूरतमंद विद्यार्थियों के दाखिले केवल नर्सरीए केजी और प्रथम कक्षा में दिए जाएंगे। गौरतलब है कि आरटीई के तहत मान्यता प्राप्त निजी स्कूलों में दाखिले के लिए ऑनलाइन आवेदन की तारीख एक मई थी। जींद ब्लॉक में आरटीई के तहत एक हजार से अधिक आवेदन आए हैं। दस्तावेजों की जांच का कार्य भी लगभग पूरा हो चुका है। मौलिक शिक्षा हरियाणा के निदेशालय ने चार बार ऑनलाइन आवेदन की तारीख बढ़ाई थी। शुरुआत में पहले ऑनलाइन आवेदन की तारीख 15 अप्रैल से लेकर 19 अप्रैल थीए जिसे दूसरी बार बढ़ाकर 25 अप्रैल तक कर दिया गया था। फि र ऑनलाइन आवेदन की तारीख 25 अप्रैल से बढ़ाकर 30 अप्रैल तक कर दी गई है। इसके बाद एक मई तक आवेदन की तारीख को बढ़ा दिया गया था। जिस मान्यता प्राप्त प्राइवेट विद्यालय के पास 25 प्रतिशत सीटों से अधिक ऑनलाइन दाखिले फार्म प्राप्त होंगे तो जिला स्तरीय कमेटी अभिभावको की उपस्थिति में ड्रॉ निकालना सुनिश्चित करेंगे।

#### खाली सीटों की जानकारी अपडेट करे

खंड शिक्षा अधिकारी राजपाल देशवाल ने बताया कि आरटीई के तहत निजी स्कूल संचालकों को पोर्टल पर खाली सीटों की जानकारी 23 मई तक अपलोड करनी होगी। इसके लिए मौलिक शिक्षा निदेशालय ने पत्र जारी किया है। ऐसे में जो स्कूल जानकारी दिए बिना रह गए हैं, उन्हें चाहिए वह निर्धारित समय में खाली सीटों की जानकारी अपडेट करें।



**कैथल।** पुलिस द्वारा काबू की महिलाएं व अन्य।

### पुलिस ने घर से चार महिलाओं सहित छह को पकड़ा

**कैथल।** करनाल रोड स्थित शुगर मिल कॉलोनी में एक किराये के घर में वेश्यावृत्ति की सूचना पर महिला थाना महिला व दुर्गा शक्ति की टीम ने मंगलवार को दबिश। इस दौरान पुलिस ने मकान से चार महिलाओं व दो पुरुषों को पकड़ा। ये सभी घर में बनाए गए कैबिन जैसे कमरों में संदिग्ध परिस्थितियों में मिले। पुलिस की प्रारंभिक जांच में सामने आया कि महिला कई महीने से कई अन्य महिलाओं को अपने घर बुलाकर अनैतिक कार्य करवा रही थी। महिलाओं के साथ-साथ पुरुषों को भी ग्राहकों के रूप में वहां बुलाती थी। प्रत्येक ग्राहक से एक महिला 500 रुपये लेती थी, जिसमें से आधे रुपये वह महिला खुद रख लेती थी, जो वहां घर में रह रही थी। हालांकि मौके पर पकड़ी गई महिलाएं इस समय शहर में ही रहती हैं, लेकिन जांच में आया सामने आया है कि वे भी शहर में किराए के कमरे लेकर रहती हैं। महिला थाना एसएचओ वीना ने बताया कि इस संबंध में पुलिस को गुप्त सूचना मिली थी कि मकान में अनैतिक कार्य करवाया जा रहा है।

कान्स फिल्म फेस्टिवल



# रेड कार्पेट पर उतरीं शर्मिला और सिमी

## 'अरण्येर दिन रात्रि' का हुआ प्रीमियर

*पेरिस। 'कान्स फिल्म फेस्टिवल 2025' का रेड कार्पेट सितारों से सज गया है। इस बीच हिंदी सिनेमा की दिग्गज अभिनेत्री शर्मिला टैगोर और सिमी ग्रेवाल, सत्यजीत रे की फिल्म 'अरण्येर दिन रात्रि' की स्क्रीनिंग में शामिल हुईं। फिल्म के प्रीमियर पर दोनों ने रेड कार्पेट की वॉक किया और इसकी शोभा बढ़ाई।*

### सिमी ग्रेवाल का पहला प्रदर्शन

कान्स फिल्म फेस्टिवल में अभिनेत्री शर्मिला टैगोर और सिमी ग्रेवाल ने वॉक किया। 'अरण्येर दिन रात्रि' के विशेष प्रीमियर के लिए दोनों ने बेहतरीन ड्रेस पहनी थी। उन्होंने एक साथ रेड कार्पेट पर पोज भी दिया। शर्मिला टैगोर ने हरे रंग की शानदार साड़ी पहनी थी, जबकि सिमी ग्रेवाल आइवरी रंग की ड्रेस में रेड कार्पेट पर चलीं। फिल्म के प्रीमियर के दौरान इसे स्टैंडिंग ओवेशन भी मिला। लोगों ने खड़े होकर तालियां बजाईं। इस दौरान शर्मिला टैगोर की बेटी सबा पटौदी भी मौजूद थीं। दिलचस्प बात यह है कि सिमी ग्रेवाल का कान्स में यह पहला प्रदर्शन था।

### फिल्म को 4के में किया गया है री-स्टोर

फिल्म निर्माता सत्यजीत रे की फिल्म 'अरण्येर दिन रात्रि'को अमेरिकी फिल्म निर्माता वेस एंडरसन के नेतृत्व में छह वर्षों में फिर से बनाया गया। इसे री-स्टोर करने का प्रोजेक्ट साल 2019 में शुरू हुआ। यह तब शुरू हुआ जब, मार्टिन स्कॉर्सेसे की द फिल्म फाउंडेशन के बोर्ड में अपने पद के माध्यम से एंडरसन ने फिल्म को संरक्षित करने के बारे में चर्चा शुरू की। निर्देशक के सत्यजीत रे के काम के प्रति जुनून ने द फिल्म फाउंडेशन के वर्ल्ड सिनेमा प्रोजेक्ट, फिल्म हेरिटेज फाउंडेशन, जेनस फिल्म्स और द क्राइटेरियन कलेक्शन के बीच सहयोगात्मक प्रयास को आगे बढ़ाया, जिसमें गोल्डन ग्लोब फाउंडेशन द्वारा फंड दिया गया।

### 24 मई को तक चलेगा फेस्टिवल

सिमी ग्रेवाल का कान्स में यह पहला प्रदर्शन था। फिल्म फेस्टिवल 2025 की शुरुआत 13 मई से हुई है। पिछले छह दिनों में कई भारतीय सितारों ने रेड कार्पेट पर वॉक किया और इसकी शोभा बढ़ाई। कईयों के लिए यह साल खास रहा, क्योंकि उन्होंने कान महोत्सव में अपना डेब्यू किया। समारोह का समापन 24 मई को होगा।



## उर्वशी का जबरदस्त नया लुक

उर्वशी रौतेला इन दिनों उर्वशी रौतेला फिल्म फेस्टिवल में अपना जलवा बिखेर रही है। हाल ही में वह जहां ऊप्स मोमेंट का शिकार हुईं, तो वहीं अगले दिन उनका एक और शानदार लुक सामने आया है। उसने अपना एक और लेटेस्ट लुक इंस्टाग्राम पर शेयर किया है, जिसमें वह स्टाइलिश बॉडीकॉन ड्रेस में लाजवाब पोज देती नजर आईं। इस नए लुक में उर्वशी बॉडीकॉन ड्रेस में नजर आ रही हैं। एक्ट्रेस की इस ड्रेस में लॉन्ग स्लीव्स के साथ नेकलाइन पर ब्राउन रंग का स्टाइलिश लुक दिया गया है। इसके साथ एक्ट्रेस ने गले में कई नेकलेस पीस पहने हुए हैं, जो उनकी खूबसूरती में चार चांद लगा रहे हैं। इस लुक के साथ उर्वशी का हेयर स्टाइल उन्हें और भी खास बनाता है। इस लुक में उर्वशी को देखकर उनके फैंस जमकर कमेंट कर रहे हैं और उनकी तारीफों के पुल बांध रहे हैं।

## डेनजल वाशिंगटन को मिला 'पाम डी ओर'

## डकोटा जॉनसन ने दिखाई दिलकश अदा



पेरिस। हॉलीवुड अभिनेता डेनजल वाशिंगटन को कान्स फिल्म फेस्टिवल में एक बड़ा सरप्राइज मिला। अभिनेता को पाम डी'ओर पुरस्कार से सम्मानित किया गया। यह पुरस्कार उन्हें सिनेमा में उनके लंबे और सफल कॅरियर को देखते हुए दिया गया।

*फिल्म की स्क्रीनिंग से पहले मिला पुरस्कार* : यह सम्मानित पल स्पाइक ली द्वारा निर्देशित उनकी नवीनतम फिल्म 'हाईएस्ट 2 लोएस्ट' की स्क्रीनिंग से ठीक पहले घटित हुआ। कान्स फेस्टिवल के निदेशक थिएरी फ्रेमॉक्स ने उन्हें पुरस्कार दिया। पुरस्कार प्राप्त करने के बाद वह भावुक हो गए। डेनजल वाशिंगटन यह सम्मान पाने वाले 22वें व्यक्ति बन गए हैं।

*गर्लफ्रेंड के साथ पहुंचे 'एक्वामैन' एक्टर* : 'एक्वामैन' फेम अभिनेता जेसन मोमोआ और अमेरिकी अभिनेत्री एड्रिया अर्जियोना ने 78वें कान्स फिल्म फेस्टिवल में हिस्सा लिया। वह दोनों 'स्प्लिट्सविले'की स्क्रीनिंग के लिए पहुंचे। इस दौरान रेड कार्पेट पर दोनों ने पोज दिया।

### इन दिग्गजों को भी मिल चुका है पुरस्कार

2002 में मानद पाल्मे डी'ओर की शुरुआत के बाद से, इसे फिल्म जगत के कुछ सबसे सम्मानित लोगों को दिया गया है। पिछले प्राप्तकर्ताओं में क्लिंट ईस्टवुड, जोडी फॉस्टर, माइकल डगलस, मेरिल स्ट्रीप और जॉर्ज लुकास शामिल हैं। 2022 में टॉम क्रूज को भी इस पुरस्कार से सरप्राइज दिया गया था।

### जेसन और एड्रिया ने दिया रोमांटिक पोज

सोमवार को 'फिफ्टी शेड्स ऑफ ग्रे'फेम अभिनेत्री डकोटा जॉनसन ने भी रेड कार्पेट पर जलवे बिखेरे। अभिनेत्री ने खुद को खूबसूरत कॉटन-कैंडी गुलाबी फ्रिंज गाउन में स्टाइल किया था। जॉनसन ने अपने गुलाबी लुक को चांदी की बालियों के साथ पूरा किया।'एक्वामैन' फेम अभिनेता जेसन मोमोआ और अमेरिकी अभिनेत्री एड्रिया अर्जियोना ने रेड कार्पेट पर रोमांटिक पोज दिया।



## कैलिफोर्निया में वेकेशन मना रही हैं माधुरी

**मुंबई।** बॉलीवुड धक-धक गर्ल इन दिनों अपने पति डॉ नेने के साथ वेकेशन एंजॉय कर रही हैं। डॉ. नेने ने अपनी पत्नी और एक्ट्रेस माधुरी दीक्षित के साथ कैलिफोर्निया की सिटी सांता मोनिका में वेकेशन की खास झलक अपने सोशल मीडिया अकाउंट पर शेयर की है। इन तस्वीरों के साथ डॉ नेने ने एक खास पोस्ट भी लिखा है। डॉ. श्रीराम नेने ने आज इंस्टाग्राम पर पत्नी माधुरी दीक्षित के साथ वेकेशन की कई शानदार तस्वीरें शेयर की हैं। यह सभी तस्वीरें कैलिफोर्निया की सिटी सांता मोनिका की हैं। डॉ नेने ने इन लाजवाब तस्वीरों के साथ कैप्शन में लिखा, 'बाहर और इधर-उधर। सांता मोनिका में माहौल बहुत अच्छा लग रहा है!' इस तस्वीर में माधुरी अपने पति डॉ. श्रीराम नेने के साथ सेल्फी लेती नजर आ रही हैं। दोनों के चेहरों पर बड़ी सी स्माइल है।



## हेरा फेरी-3 : एक दिन शूट करके परेश गायब

**मुंबई।** परेश रावल के फिल्म 'हेरा फेरी 3' छोड़ने की खबर ने फैंस और फिल्म इंडस्ट्री को चौंका दिया है। फिल्म के डायरेक्टर प्रियदर्शन ने अब इस पूरे मामले पर चुप्पी तोड़ते हुए कहा कि परेश ने यह फैसला करने से पहले उन्हें कोई जानकारी नहीं दी थी। वो खुद इस स्थिति से हैरान और निराश हैं। प्रियदर्शन ने कहा, 'फिल्म शुरू होने से पहले मैंने तीनों - अक्षय, सुनील और परेश- से क्लियर पूछा था कि क्या आप लोग तैयार हैं? सबने कहा- हां। फिर हमने एक दिन शूट भी किया। सब स्मूद चला। लेकिन, अचानक परेश जी के हटने की खबर आई... बिना कुछ बोले, बिना कोई कारण बताए। आज तक उन्होंने मुझसे इस बारे में कोई बात ही नहीं की।' वहीं, जब हमने प्रियदर्शन से पूछा कि क्या वाकई अक्षय कुमार ने परेश रावल पर 25 करोड़ का दावा ठोका है।



## फिल्म का ऐलान करने आए हीरो-हीरोइन अपनी गुड न्यूज देकर छाए, बोले- हम शादी कर रहे हैं

*नई दिल्ली। तमिल एक्टर विशाल (47) और साई धनशिका (35) अगस्त में शादी करने जा रहे हैं। दोनों एक्टर्स ने सोमवार को चेन्नई में 'योगी दा' प्रेस कॉन्फ्रेंस में अपने रिश्ते को ऑफीशियली अनाउंस किया और खुशखबरी शेयर की। फैन्स से बात करते हुए धनशिका ने कहा कि वे एक-दूसरे को 15 सालों से जानते हैं, लेकिन हाल ही में डेटिंग शुरू की है। धनशिका ने कहा कि एक समाचार रिपोर्ट के वायरल होने के बाद उन्हें अपने रिश्ते को ऑफीशियल करने के लिए मजबूर होना पड़ा। उन्होंने कहा, 'हम प्रेस कॉन्फ्रेंस में अनाउंसमेंट नहीं करना चाहते थे। उन्होंने कहा, 'विशाल और मैं 29 अगस्त को शादी करने की प्लानिंग कर रहे हैं। मैं विशाल को पिछले 15 सालों से जानती हूं. जब भी हम पहले मिले, उन्होंने मेरे साथ हमेशा बहुत ही अच्छा व्यवहार किया।जब मैं बहुत मुश्किल में थी, तो वे मेरे घर आए और मेरे लिए आवाज उठाई। कोई भी हीरो मेरे घर कभी नहीं आया।यह उनका बहुत प्यारा व्यवहार था। अपने रिश्ते के बारे में बात करते हुए उन्होंने कहा, 'अभी हाल ही में हमने एक-दूसरे से बातचीत शुरू की है और हमें लगा कि यह किसी नतीजे पर पहुंच रहा है। आपसी सहमति से हम समझ गए कि हम शादी करना चाहते हैं। मैं बस यही चाहती हूं कि वह खुश रहें. मैं तुमसे प्यार करती हूं विशाल।' विशाल ने खुशी-खुशी अपनी शादी की खबर मीडिया को दी और कहा, 'मेरी शादी तय हो गई है। मेरी एक लड़की मिल गई है। धनशिका के पिता यहां हैं और उनके आशीर्वाद से, मैं उसे मिलवा रहा हूं। मैं बहुत खुश हूं, और मैं धनसिका से शादी करने जा रहा हूं।*

## 'वॉर 2' का टीजर रिलीज, ऋतिक-जूनियर एनटीआर के बीच जबरदस्त एक्शन

**मुंबई।** फैंस का इंतजार खत्म हुआ। ऋतिक रोशन और जूनियर एनटीआर की साल की सबसे बहुप्रतीक्षित फिल्म 'वॉर 2' का टीजर मंगलवार को रिलीज हो गया। टीजर में ऋतिक और जूनियर एनटीआर के बीच जबरदस्त एक्शन देखने को मिला है। अब टीजर आते ही सोशल मीडिया पर वायरल है। फैंस टीजर में अपने-अपने पसंदीदा कलाकार को देखकर तरह-तरह की प्रतिक्रियाएं दे रहे हैं। 'वॉर 2' इसी साल 14 अगस्त को सिनेमाघरों में रिलीज होगी। अयान मुखर्जी द्वारा निर्देशित 'वॉर 2' यशराज फिल्म्स के स्पाई यूनिवर्स का हिस्सा है। इससे पहले 'वार' 2019 में रिलीज हुई थी, जिसमें ऋतिक के साथ टाइगर श्रॉफ नजर आए थे। जूनियर एनटीआर के फैंस जहां वॉर 2 को बॉलीवुड में डेब्यू के लिए उनकी परफेक्ट फिल्म बता रहे हैं। वहीं, ऋतिक फैंस उनकी झलक देखकर काफी उत्सुक हैं। वॉर 2 के टीजर को फैंस का मिला-जुला रिस्पॉन्स मिल रहा है। अधिकांश यूजर्स टीजर को मास एंटरटेनर और शानदार बता रहे हैं। कई फैंस इस फिल्म की शानदार ओपनिंग की बात कह रहे हैं। फैंस वॉर 2 के टीजर को बेस्ट बता रहे हैं।



### टीवी मसाला



## एक बार फिर दर्शकों को रोमांचित करने आ रहा 'शक्तिमान'

**नई दिल्ली।** लंबे समय से चर्चा है कि मुकेश खन्ना के टीवी सीरियल 'शक्तिमान' पर बॉलीवुड फिल्म बनेगी। हालांकि अभी इस फिल्म के बारे में ज्यादा जानकारी नहीं है। लेकिन, मुकेश खन्ना एक बार फिर 1990 की दहाई के सुपरहीरो 'शक्तिमान' के रूप में वापस आ रहे हैं। इस बार वह वीडियो फॉर्मेट में नहीं, बल्कि ऑडियो फॉर्मेट में आने वाले हैं। पॉकेट एफएम 'शक्तिमान' शो को एक नई मूल ऑडियो सीरीज के तहत दोबार पेश करने वाला है। इसमें मुकेश खन्ना एक बार फिर सुपरहीरो बन रहे हैं। इस बार वह आवाज के जरिए सुपरहीरो बनेंगे। पॉकेट एफएम ने इस ऑडियो सीरीज के बारे में इंस्टाग्राम पर जानकारी दी है। पोस्ट के कैप्शन में लिखा है 'जिस लीजेंड पर आप पहले विश्वास करते थे, वह पहले कभी न देखे गए अवतार में वापस आ रहा है। जल्द ही शक्तिमान ऑडियो सीरीज आ रही है, सिर्फ पॉकेट एफएम पर।' पाकेट एफएम ने इंस्टाग्राम पर जो पोस्ट शेयर की है उसमें एक वीडियो भी है। वीडियो में शक्तिमान के रूप में मुकेश खन्ना मुस्कुराते हुए नजर आ रहे हैं। वीडियो पर लिखा है 'शक्तिमान ऑडियो सीरीज जल्द आ रही है। 20 सालों तक भारत ने अपने सुपरहीरो का इंतजार किया। 20 साल के अंधेरे के बाद वह फिर से जाग गया है। शक्तिमान ऑडियो सीरीज जल्द आ रही है।' आपको बता दें 'शक्तिमान' एक सुपरहीरो टेलीविजन सीरीज थी। यह सितंबर 1997 से मार्च 2005 तक डीडी नेशनल पर प्रसारित हुआ। यह सीरीज काफी मशहूर थी। इसे बच्चों ने खूब पसंद किया। इस शो के बाद 2011 में 'शक्तिमानः द एनिमेटेड सीरीज' और 2013 में एक टेलीविजन फिल्म, 'हमारा हीरो शक्तिमान' आई।

### अमिताभ की वजह से सुपरस्टार को चुकानी पड़ी थी कीमत

## संजीव कुमार ने की रिजेक्ट, विनोद खन्ना के हाथ लगी ब्लॉकबस्टर

*नई दिल्ली। अमिताभ बच्चन- विनोद खन्ना की ब्लॉकबस्टर फिल्म, जो मशहूर पटकथा लेखक सलीम-जावेद की कलम से निकली थी, जो उस समय बॉलीवुड में हिट मशीन बन चुके थे। फिल्म में विनोद खन्ना ने इंस्पेक्टर विशाल का रोल निभाया था, लेकिन ये रोल पहले संजीव कुमार को ऑफर हुआ था। लेकिन, उन्होंने स्क्रिप्ट में 'कम स्क्रीन टाइमट की वजह से इसे रिजेक्ट कर दिया था।*

### शूटिंग के वक्त हुआ था बड़ा हादसा

साल 1978 की उस ब्लॉकबस्टर फिल्म का नाम है 'मुकद्दर का सिकंदर'। इस फिल्म ने रिलीज के समय तहलका मचा दिया था। फिल्म की टिकट तक मिलना मुश्किल हो गया था। लेकिन, इसकी शूटिंग के वक्त एक बड़ा हादसा हो गया था। इस फिल्म को भले ही दर्शक कभी नहीं भुला पाएंगे। लेकिन, मेकर्स भी इस फिल्म को कभी नहीं भुला पाएंगे। दरअसल, फिल्म की शूटिंग के वक्त बिग बी के हाथ से कुछ ऐसा हुआ कि बॉलीवुड के मोस्ट हैंडसम एक्टर की ठोड़ी पर छह टांके आए थे।

### विनोद खन्ना के चेहरे पर लगा ग्लास

बात साल 1978 में रिलीज हुई फिल्म 'मुकद्दर का सिकंदर' के उस सीन की है जिसमें अमिताभ बच्चन द्वारा फेंका गया कांच का गिलास विनोद खन्ना की ठोड़ी पर जा लगा, जिससे उन्हें गंभीर चोट आई और छह टांके लगाने पड़े। दरअसल, मुकद्दर का सिकंदर' का एक इमोशनल सीन शूट करना था। अमिताभ बच्चन अपने किरदार में इस कदर डूब गए थे कि वह उन्होंने ग्लास इतनी तेज फेंका कि ये सीधा विनोद खन्ना के चेहरे पर जा लगा। सेट पर मौजूद सभी लोग तुरंत हरकत में आए और विनोद खन्ना को तुरंत नजदीकी अस्पताल ले जाया गया। जहां उनके छह टांके आए।




### गीत और डायलॉग किए गए थे पसंद

इस फिल्म की कहानी और गीत ही नहीं, इस फिल्म के डायलॉग भी काफी पसंद किए गए थे। जितनी शराब पी है, उसी में डूब मरो! विनोद खन्ना के इस डायलॉग पर सेट पर तालियां बजी थीं। यह सीन कई बार री-टेक हुआ, क्योंकि विनोद खन्ना बार-बार अपनी हंसी रोक नहीं पा रहे थे, जब अमिताभ बच्चन शराबी अदाओं में डगमगाते थे।

### जोहरा बाई के रोल में रेखा ने डाल दी थी जान

इस फिल्म में विनोद खन्ना ने विशाल आनंद की भूमिका निभाई थी। विनोद खन्ना ने इस फिल्म को तब हामी दी थी, जब अमिताभ बच्चन के बराबर फीस ऑफर हुई थी। फिल्म में रेखा का जोहरा बाई का रोल काफी छोटा था, लेकिन उन्होंने उसमें जान डाल दी, उनकी आंखों के इमोशन्स और 'सलाम-ए-इश्क' में उनकी . अदायगी ने दर्शकों को दीवाना बना दिया था। विनोद खन्ना और अमिताभ की इस फिल्म ने उस वक्त एक करोड़ के बजट में बनकर 2 करोड़ 69 लाख रुपए बिजने किया था।

## खबर संक्षेप

### महिला से मारपीट, पति संग दो के खिलाफ केस

**जींद।** भगत सिंह कालोनी में महिला के साथ मारपीट करने पर शहर थाना नरवाना पुलिस ने पति तथा एक महिला के खिलाफ मामला दर्ज किया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। भगत सिंह कालोनी निवासी रीना ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि उसके पति संजीव का एक महिला के साथ अफेयर है।

### बाइक चोरी के मामले में दो आरोपित गिरफ्तार

**जींद।** दर सफीदों पुलिस ने बाइक चोरी करने के मामले में दो आरोपितों को गिरफ्तार किया है। पकड़े गए आरोपितों की पहचान प्रवीण उर्फ पीना वासी गांव रोजला व विजय उर्फ भीष्मा वासी गांव कारखाना के रूप में हुई है।

थाना प्रभारी सदर सफीदों निरीक्षक वीरेंद्र सिंह ने बताया कि गांव बहादुरगढ़ निवासी चांद सिंह ने गत छह मई को दी शिकायत में बताया था कि उसने खेत से आकर अपनी मोटरसाइकिल को घर के बाहर लॉक करके खड़ी की थी। जब वह वापस घर से आया तो उसने अपनी बाइक को चोरी हुआ पाया।

### दो ट्रांसफार्मरों से ऑयल तथा उपकरण चोरी

**जींद।** गांव निर्जन में चोरों ने दो किसानों के खेतों में लगे ट्रांसफार्मरों से कीमती ऑयल तथा उपकरणों को चोरी कर लिया। सिविल लाइन थाना पुलिस न बिजली निगम के एसडीओ की शिकायत पर चोरी का मामले दर्ज किए हैं। बिजली निगम के एसडीओ ने पुलिस को शिकायत दी है।

### अलेवाः नगूरां स्कूल प्रबंधन कमेटी के सुरेंद्र बने प्रधान

**अलेवा।** राजकीय माडल संस्कृति वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय नगूरां में विद्यालय प्रबंधन कमेटी की एक बैठक हुई। बैठक की अध्यक्षता स्कूल प्राचार्य विजेंद्र सिंह ने की। इस बैठक में नई कमेटी का गठन किया गया। जिसमें सर्वसम्मति से सुरेंद्र को प्रधान मनोनीत किया गया जबकि सतपाल शर्मा को उप प्रधान बनाया गया। विद्यालय के प्राचार्य विजेंद्र सिंह सचिव के रूप में मार्गदर्शन करेंगे।

### इनेलो ने घोषित की जिला कार्यकारिणी

**जींद।** इनेलो की बैठक जिला प्रधान विजेन्द्र रेढू की अध्यक्षता में हुई। इसमें मुख्यातिथि के रूप में जिला प्रभारी पूर्व विधायक रामफल कुंडू ने शिरकत की। बैठक में नवनियुक्त जिला कार्यकारिणी की घोषणा की गई। इस मौके पर बोलते हुए प्रभारी रामफल कुंडू ने बताया कि जिलाध्यक्ष विजेंद्र रेढू ने राष्ट्रीय अध्यक्ष अभय सिंह चौटाला के साथ विचार-विमर्श करके जिला कार्यकारिणी का गठन किया है।

### अलग-अलग स्थानों से दो युवतिया लापता, केस

**जींद।** जिले में अलग-अलग स्थानों से दो युवतियों के संदिग्ध हालात में गायब होने पर पुलिस ने अज्ञात लोगों के खिलाफ मामले दर्ज किए हैं। गांव धमतान साहिब निवासी एक व्यक्ति ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि गत दिवस उसकी 20 वर्षीय बेटी घर गायब हो गई। वही गांव खेडी मसानिया के एक व्यक्ति ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि गत दिवस उसकी चचेरी बहन घर से गायब हो गई।

### राजकीय स्कूल डूमरखा का परिणाम रहा शानदार

**नरवाना।** आज राजकीय उच्च विद्यालय डूमरखा में दसवीं कक्षा का शानदार परिणाम आने पर बच्चों को सम्मानित किया गया तथा गांव में प्रभात फेरी निकाली गई। कार्यवाहक मुख्याध्यापक राजबीर ने बताया कि स्कूल में गरीब परिवारों के बच्चे आते हैं जोकि मूलभूत सुविधाओं से वंचित होते हैं।

### पॉलिथीन का उपयोग न करने को शपथ ग्रहण आज

**जींद।** स्कूली छात्रों को पॉलिथीन का उपयोग न करने के लिए प्रेरित करने के कड़ी में राह ग्रुप फाउंडेशन व शिक्षा विभाग के संयुक्त तत्वावधान में 21 मई से जिले के 726 से अधिक स्कूलों के 80 हजार विद्यार्थियों को पॉलिथीन त्यागने की शपथ दिलाई जाएगी। रैली व नुक्कड़ नाटकों के माध्यम से पॉलीथिन के दुष्प्रभावों के बारे में समझाया जाएगा।

---

## इंडस पब्लिक स्कूल में कैबिनेट शपथ ग्रहण समारोह

# कैबिनेट को विधिवत पद-गोपनीयता और कर्तव्यनिष्ठा की शपथ दिलवाई

### 28 विद्यार्थियों को अपने-अपने पद की गरिमा-कर्तव्यनिष्ठा की शपथ दिलवाई

आरूश को सीनियर हैड ब्वाय, छात्रा गौरिका को सीनियर हैड गर्ल के रूप में शपथ दिलाई


जींद। इंडस स्कूल में चुनी गई कैबिनेट। फोटो :हरिभूमि

हरिभूमि न्यूज ▸▸| जींद

इंडस पब्लिक स्कूल प्रांगण में 2025-26 सत्र के लिए स्कूल कैबिनेट का चुनाव किया गया। इस शपथ ग्रहण समारोह में रिटायर्ड कमांडेंट रमाकांत शर्मा ने मुख्यअतिथि के रूप में शिरकत की। इंडस संस्थाओं के निदेशक सुभाष श्योराण, स्कूल निदेशिका रचना श्योराण, प्राचार्या अरूणा शर्मा, उपप्राचार्य प्रवीन कुमार, मुख्याध्यापिका गुरमीत कौर ने मुख्यअतिथि का हार्दिक अभिनंदन किया। शुभारंभ मुख्यअतिथि रमाकांत शर्मा ने और स्कूल प्रबंधन कमेटी ने दीप प्रज्जवलित एवं ध्वजारोहण व सांस्कृतिक कार्यक्रम के साथ किया। मुख्यअतिथि रमाकांत शर्मा, सुभाष श्योराण और उनकी अध्यक्षता में आयोजित विशेष कार्यक्रम में स्कूल प्राचार्या अरूणा शर्मा एवं उपप्राचार्य प्रवीन कुमार द्वारा नई कैबिनेट को विधिवत पद, गोपनीयता एवं कर्तव्यनिष्ठा की शपथ दिलाई गई। कैबिनेट में कक्षा बारहवीं के छात्र आरूश को सीनियर हैड ब्वाय, कक्षा बारहवीं की छात्रा गौरिका को सीनियर हैड गर्ल के रूप में शपथ दिलाई गई। कक्षा ग्यारहवीं से अरण्व को सहायक हैड ब्वाय और यशिका को सहायक हैड गर्ल के रूप में शपथ दिलाई गई। कक्षा आठवीं के छात्र लक्षित को जूनियर हैड ब्वॉय, रिदम को जूनियर हैड गर्ल और कक्षा सातवीं से जूनियर सहायक हैड ब्वॉय मौलिक, जूनियर सहायक हैड गर्ल सिद्धि, कक्षा ग्यारहवीं से सृष्टि ने सीनियर खेल सचिव की शपथ ग्रहण की। कक्षा बारहवीं से काव्या और युग सीनियर स्कूल छात्र नेता, कक्षा नौवीं से वंश सिंगरोहा जूनियर स्कूल छात्र नेता, कक्षा ग्यारहवीं से सीनियर सांस्कृतिक सचिव अदिती, कक्षा नौवीं से जूनियर सांस्कृतिक सचिव केजल, 11वीं से सीनियर एसेंबली कॉओर्डिनेटर (समन्वयक) राधिका व आराध्या, कक्षा नौवीं से जूनियर एसेम्बली कॉओर्डिनेटर (समन्वयक) काव्या, 11वीं से सीनियर अनुशासन कॉओर्डिनेटर (समन्वयक) जीविका, सातवीं से जूनियर अनुशासन कॉओर्डिनेटर (समन्वयक) वेदांशी, कक्षा दसवीं से रखरखाव कॉओर्डिनेटर (समन्वयक) दिक्षा, शिवालिक सदन से कैप्टन एलेश, वाइस कैप्टन मीनल, विंध्या सदन से कैप्टन दिशा, वाइस कैप्टन प्रियंका, अरावली सदन से कैप्टन सेजल, वाइस कैप्टन जतिन और नीलगिरि सदन से नमन कैप्टन, प्रिया ने वाइस कैप्टन के रूप में अपना पदभार संभालते हुए शपथ ग्रहण की। इस प्रकार 28 विद्यार्थियों को अपने-अपने पद की गरिमा और कर्तव्यनिष्ठा की शपथ दिलाई गई। कार्यक्रम के अन्तर्गत मुख्यअतिथि रमाकांत शर्मा, निदेशक सुभाष श्योराण, स्कूल निदेशिका रचना श्योराण, प्राचार्या अरूणा शर्मा, उपप्राचार्य प्रवीन कुमार, मुख्याध्यापिका गुरमीत ने बच्चों को पद पट्टिकाएं प्रदान की एवं बैज लगाए।

#### नशा हमारे समाज के लिए जहर

इस अवसर पर मुख्यअतिथि रमाकांत शर्मा ने बच्चों को जीवन में सफलता प्राप्त करने के लिए अनुशासन का पालन करने पर बल दिया। उन्होंने बच्चों को अपना लक्ष्य निर्धारित करके लगातार आगे बढने की प्रेरणा भी दी और आधुनिक समय में समाज में नशे से पनपती बुराइयों के बारे में बताते हुए कहा कि नशा हमारे समाज के लिए जहर है। इससे दूर रह कर ही हम एक सभ्य समाज का निर्माण कर सकते हैं। उन्होंने नशा-मुक्ति अभियान के बारे में बता कर बच्चों को नशे से दूर रहने के लिए प्रेरित किया। निदेशक सुभाष श्योराण ने अपने संबोधन में कहा कि सभी छात्रों को भगवान, माता-पिता एवं गुरु से आर्शीवाद प्राप्त करते हुए उनका सम्मान करना चाहिए। उन्होंने कहा कि आज इंडस पब्लिक स्कूल जींद के बच्चे राष्ट्रीय तथा अंतरराष्ट्रीय स्तर पर खेलों में भाग लेकर अग्रणीय रहे हैं।

---

# होनहार विद्यार्थियों को सम्मानित किया

हरिभूमि न्यूज ▸▸| जींद


जींद। प्रतिभावान छात्रों को सम्मानित करते हुए। फोटो :हरिभूमि

जाट वमावि जींद का कक्षा दसवीं व बाहरवीं का हरियाणा बोर्ड का पिछले वर्ष की भांति इस वर्ष भी परीक्षा परिणाम शत प्रतिशत रहा। इस अवसर पर विद्यालय में सभी छात्र छात्राओं नें मिलकर परिणाम उत्सव मनाया। कक्षा बाहरवीं में छात्रा श्वेता ने 500 मे से 478 अंक प्राप्त कर पहला स्थान प्राप्त किया। स्नेहा ने 500 में से 471 अंक प्राप्त करके दूसरे स्थान पर रही और छात्रा अन्नपूर्णा ने 500 में से 445 अंक लेकर तीसरा स्थान प्राप्त किया। 17 छात्रों ने 80 प्रतिशत से ऊपर अंक प्राप्त करके विद्यालय का व अपने परिजनों का नाम रोशन किया। इसी प्रकार कक्षा दसवीं में छात्रा कीर्ति शर्मा ने 500 में से 458 अंक प्राप्त किए तथा प्रथम स्थान पर रही। वैशाली ने 500 में से 451 अंक प्राप्त करके दूसरे स्थान पर रही एवं छात्रा अंकुश वर्मा ने 448 अंक प्राप्त करके तीसरा स्थान प्राप्त किया। 80 प्रतिशत से ऊपर 11 छात्र रहे व 20 छात्रों ने 75 % से ऊपर अंक प्राप्त कर विद्यालय का नाम रोशन किया। विद्यालय के प्राचार्य सौरभ भारद्वाज ने सभी छात्र व छात्राओं को व सभी अभिभावकों को शुभकामनाएं दी। शानदार परिणाम के पीछे अध्यापक व अध्यापिकाओं का अथक प्रयास व मेहनत का फल है।


जींद। बैठक में दिशा-निर्देश देते डीसी। फोटो :हरिभूमि

#### समय रहते तैयारियां पूरी करने के निर्देश

**जींद।** डीसी मोहम्मद इमरान रजा ने कहा कि आगामी 21 जून को आयोजित होने वाले अंतरराष्ट्रीय योग दिवस आयोजित किया जाएगा। यह कार्यक्रम जन भागीदारी का कार्यक्रम है। इसमें सभी सामाजिक संस्थाओंए युवाओं और आमजन को बढ़चढ़कर भाग लेना चाहिए। अगर हम योग को अपनी जीवनशैली में अपनाते है तो निरोगी काया को पाया जा सकता है। इस कार्यक्रम के सफल आयोजन हेतु सभी संबंधित विभाग समय रहते तैयारियां पूरी करें। इतना ही नही इस कार्यक्रम के लिए होने वाले प्रशिक्षण शिविरों में सभी अधिकारी एवं कर्मचारी भाग लेना सुनिश्चित करें। जिला स्तरीय कार्यक्रम का आयोजन चौधरी रणबीर सिंह विश्वविद्यालय में होगा। इस कार्यक्रम के सफल आयोजन को लेकर एडीसी जींद को नोडल अधिकारी नियुक्त किया गया।

### संयुक्त किसान मोर्चा का धरना जारी

**नरवाना।** तहसील कार्यालय में संयुक्त किसान मोर्चे का धरना आज भी 1124 वें दिन मास्टर बलबीर सिंह राज्य अध्यक्ष अखिल भारतीय किसान सभा हरियाणा के नेतृत्व में जारी रहा मंच सांझा करते हुए मास्टर बलबीर सिंह राज्य अध्यक्ष अखिल भारतीय किसान सभा हरियाणा ने बताया कि आज देश आर्थिक राजनीतिक सामाजिक गैर बराबरी अनैतिकता की बदहाली के ऐसे दौर से गुजर रहा है कि हमें पता ही चल रहा है कि देश किस ओर जा रहा है क्यों कि जब देश के हुक्मरान ही अपनी कुर्सी बचाने के लिए अपने ही नागरिकों के खून की होली खेलने में मशगूल हों और सवाल खड़ा करने वालों को कायदे कानूनों को ताक पर रख कर जेलों में डाला जा रहा हो और जनता खामोशी अख्तियार करले तो सवाल खड़ा हो जाता है कि तुमने चुना ही उसे क़त्ल ए आम का हुनर देख करए तो मायूस क्यों होते हो अब लाशों के ढ़ेहर देख कर। इस लिए जैसे सावन में किसान आसमां की ओर टकटकी लगाए देखता रहता है।

---

#### प्रतिभावान छात्राओं का सम्मान

**कैथल।** स्वतंत्रता सेनानी श्री चंदू राजकीय कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में प्रधानाचार्य सुधा सरदाना की अध्यक्षता में एक भव्य सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में हरियाणा विद्यालय शिक्षा बोर्ड द्वारा आयोजित दसवीं और बारहवीं की परीक्षाओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाली छात्राओं को सम्मानित किया गया।

सरदाना ने कहा कि विद्यालय की दसवीं कक्षा का परिणाम 98.63 प्रतिशत तथा बारहवीं का परिणाम 98.87 प्रतिशत रहा है, जो विद्यालय के लिए गर्व की बात है। दसवीं कक्षा में प्रथम स्थान पर रही कोमल, द्वितीय स्थान पर ज्योति और तृतीय स्थान पर रही किरण को मंच पर मेडल पहनाकर सम्मानित किया गया। वहीं, बारहवीं कक्षा में प्रथम स्थान प्राप्त करने वाली हिमानी, द्वितीय श्रेया गर्ग और तृतीय स्थान पर रही अर्पिता को भी विशेष रूप से सम्मानित किया गया।


कैथल। छात्राओं को सम्मानित करते पदाधिकारी। फोटो :हरिभूमि


मुख्यमंत्री नायब सैनी से शिष्टाचार भेंट के दौरान नेता अशोक गुर्जर।

#### अशोक गुर्जर ने की सीएम से शिष्टाचार भेंट

**पूंडरी।** भाजपा के निवर्तमान जिलाध्यक्ष एवं वरिष्ठ भाजपा नेता अशोक गुर्जर ने सीएम नायब सैनी से चंडीगढ़ स्थित निवास पर शिष्टाचार भेंट की। यह मुलाकात सौहार्दपूर्ण माहौल में हुई, जिसमें प्रदेश के विकास और जनकल्याण से जुड़े कई मुद्दों पर चर्चा की गई। इस अवसर पर पत्रकारों से बातचीत में अशोक गुर्जर ने मुख्यमंत्री नायब सैनी की कार्यशैली और जनसेवा के प्रति उनके समर्पण की खुलकर सराहना की। उन्होंने कहा मुख्यमंत्री नायब सैनी वह जननायक हैं, जो रात के एक बजे तक भी आमजन से मिलते हैं, उनकी समस्याएं सुनते हैं और तत्काल समाधान के लिए आवश्यक कदम उठाते हैं। यह उनकी संवेदनशीलता और कर्तव्यनिष्ठा को दर्शाता है। अशोक गुर्जर ने प्रदेश के जलसंकट का मुद्दा उठाते हुए कहा हरियाणा का हक है पंजाब से आने वाला पानी और मुख्यमंत्री सैनी इस विषय पर पूरी गंभीरता से कार्य कर रहे हैं।

#### नशे के खिलाफ किया जागरूक

**कैथल।** नशा मुक्त हरियाणा मुहिम के तहत समाज को नशा मुक्त करने के उद्देश्य से एसपी आस्था मोदी के निर्देशानुसार चलाई जा रही मुहिम तहत पुलिस टीम द्वारा कैथल जिले में आमजन को नशे के दुष्परिणामों बारे लगातार जागरूक किया जा रहा है। इसी मुहिम तहत जागरूकता टीम में शामिल ए.एस.आई ओमप्रकाश व एचसी सुनील कुमार की टीम द्वारा कैथल जिले में विभिन्न स्थानों पर महिलाओं, बच्चों सहित अन्य व्यक्तियों को नशे के प्रति जागरूक करने के साथ साथ इस अभियान को सफल बनाने में आमजन से सहयोग की अपील की जा रही है। एसपी आस्था मोदी ने कहा कि इस दौरान पुलिस टीम द्वारा आमजन को बताया जा रहा है कि नशा समाज का दुश्मन है, इसलिए समाज से नशे को पूरी तरह से समाप्त करने के लिए सभी ग्राम पंचायतें, सामाजिक संस्थाएं तथा युवा क्लब अपनी अग्रणी भूमिका निभाएं।


कैथल। नशा जागरूकता की अलख जगाते पुलिस कर्मचारी


जुलाना। स्कूल में मेधावी छात्रों को सम्मानित करते स्कूली स्टाफ।

#### विद्यार्थियों को किया सम्मानित

**जुलाना।** जुलाना क्षेत्र के किलाजफरगढ़ गांव के राजकीय स्कूल के छात्रों ने 10वीं और 12 वी की परीक्षा में बेहतरीन प्रदर्शन करते हुए 16 छात्रों ने मैरिट प्राप्त की। मेधावी छात्रों को स्कूल पहुंचने पर कार्यक्रम आयोजित कर सम्मान किया गया। कार्यक्रम में स्कूल की प्राचार्या रेनू शर्मा ने मुख्यातिथि के रूप में शिरकत की। प्राचार्य रेनू शर्मा ने छात्रों को संबोधित करते हुए कहा कि स्कूल की 10 कक्षा के 4 छात्रों और 12वीं कक्षा के 12 छात्रों ने परीक्षा में मैरिट हासिल की। अन्य छात्रों को भी चाहिए कि वो मेधावी छात्रों से प्रेरणा लेकर शिक्षा के क्षेत्र में मेहनत करें। इस मौके पर महेंद्र, सुरजमल, सत्यबीर, अंजली, कविता, अजय आदि मौजूद रहे।

---


नरवाना। पानी की स्टॉल लगाए हुए। फोटो :हरिभूमि

#### शहर में निकाली तिरंगा यात्रा

**नरवाना।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी के आह्वान पर आज नरवाना में सनातन धर्म मंदिर से लेकर भगत सिंह चौक तक तिरंगा यात्रा निकाली गई । जिसमें भारत विकास परिषद केशव शाखा के सदस्यों ने बढ़.चढ़कर भाग लिया और भारत माता की जय य हिंदुस्तान जिंदाबाद के नारे लगाते भगत सिंह चौक पर पहुंचकर माला अर्पण किया । भगत सिंह चौक पर भारत विकास परिषद केशव शाखा द्वारा यात्रा में पहुंचे सभी देशभक्त शहर वासियों के लिए दूध गुलाब शरबत की व्यवस्था की गई । भारत विकास परिषद केशव शाखा के सदस्यों ने वहां पर उपस्थित सभी जनों को ठंडा दूध गुलाब शरबत पिलाकर समर्पण व सेवा भाव का परिचय दिया ।जिसके लिए परिषद परिवार के सदस्य बधाई के पात्र हैं । परिषद परिवार द्वारा इस सेवा कार्य के लिए कागज से बने गिलासों का उपयोग किया गया है।

# प्रतिभावान बच्चों को सम्मानित किया

हरिभूमि न्यूज ▸▸| जींद


जींद। प्रतिभावान बच्चों को सम्मानित करते हुए। फोटो :हरिभूमि

स्थानीय वुडस्टॉक पब्लिक स्कूल में अंतरराष्ट्रीय परिवार दिवस के अवसर पर एक विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य छात्रों और उनके परिवारों के बीच आपसी संबंधों को सुदृढ़ करना और परिवार के महत्व को समझाना था। मुख्य अतिथि के रूप में डा. मिड्ढा डिप्टी स्पीकर हरियाणा के प्रतिनिधि राजन चिल्लाना ने शिरकत की। स्कूल के बच्चों ने मुख्यअतिथि का तालियों के साथ स्वागत किया। शुरुआत मुख्य अतिथि और विद्यालय के निदेशक डा. नरेंद्र नाथ शर्मा व उपनिदेशक आशुतोष शर्मा व प्राचार्य सुकृति शर्मा ने सरस्वती मां के सामने दीप प्रज्वलित और पुष्प अर्पित करके की। इस अवसर पर कक्षा नर्सरी से पांचवी तक के बच्चों ने सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए। जिसमें कक्षा नर्सरी के छात्रों ने अपने नृत्य के माध्यम से यह संदेश दिया कि इस दुनिया में हर एक चीज का बंटवारा हो सकता है पर मां-बाप के प्यार का बंटवारा नहीं हो सकता है। मां बाप का प्यार बड़ा अनमोल होता है। कक्षा तीसरी के बच्चों द्वारा तेरी उंगली पकड़कर और ये तो सच है कि भगवान है इस गीत पर सुंदर नृत्य प्रस्तुत किया कक्षा सातवीं और नौवीं के छात्रों ने माता-पिता के लिए सुंदर गीत प्रस्तुत किया।


नरवाना। स्कूल स्टाफ के साथ होनहार छात्र। फोटो :हरिभूमि

#### कन्या गुरुकुल का परिणाम सराहनीय

**नरवाना।** खानपुर कलां भगत फूल सिंह महिला विवि के रीजनल सेंटर खरल स्थित कन्या गुरुकुल का हरियाणा विद्यालय शिक्षा बोर्ड का दसवीं का परिणाम बहुत ही शानदार रहा। जानकारी देते स्कूल की प्राचार्य गायत्री देवी ने बताया कि हरियाणा विद्यालय शिक्षा बोर्ड के 10वीं के परिणाम में कन्या गुरुकुल खरल की छात्रा अनु पुत्री धर्मपाल ने 489 अंक लेकर हरियाणा में नौवां स्थान तथा विद्यालय में प्रथम स्थान प्राप्त किया एअनु ने संस्कृत विषय में 100 व अंग्रेजी में 99 अंक प्राप्त किए है। विद्यालय की छात्रा मुस्कान सुपुत्री राजेंद्र ने 487 अंक लेकर हरियाणा में 11वां स्थान तथा विद्यालय में द्वितीय स्थान प्राप्त किया। विद्यालय की छात्रा सिमरन सुपुत्री संजय कुमार ने 485 अंक लेकर तीसरा व मुस्कान कौर पुत्री गुरचेन सिंह ने 484 अंक लेकर चौथा स्थान प्राप्त किया।

---

## सीएम विंडो से संबंधित शिकायतों का समयबद्ध निपटान करें

# प्रतिदिन सीएम विंडो को एक बार अवश्य खोलें

- किसी भी सूरत में लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी

हरिभूमि न्यूज ▸▸| जींद


जींद। बैठक में मौजूद अधिकारी। फोटो :हरिभूमि

डीसी मोहम्मद इमरान रजा ने कहा कि सीएम विंडो मुख्यमंत्री की महत्वाकांक्षी योजना है। सभी अधिकारी सीएम विंडो से संबंधित शिकायतों को गंभीरता से लें और इनका समयबद्ध निपटान सुनिश्चित करें। हर रोज अपना पोर्टल चेक करें और समय पर एक्शन टेकन रिपोर्ट अपलोड करें। इस कार्य में किसी भी सूरत में लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। डीसी मोहम्मद इमरान रजा मंगलवार को लघु सचिवालय कॉन्फ्रेंस हॉल में सीएम विंडो पर लंबित शिकायतों को लेकर सभी विभागाध्यक्षों की बैठक ले रहे थे। इससे पहले हिसार मंडल आयुक्त अशोक कुमार गर्ग ने वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से संबंधित जिला उपायुक्तों से बैठक करके आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। डीसी मोहम्मद इमरान रजा ने एक-एक करके सभी विभागों से सीएम विंडो पर पड़ी लंबित शिकायतों के बारे में जानकारी ली और आवश्यक दिशा निर्देश दिए। उन्होंने सभी अधिकारियों को निर्देश दिए कि वे अपने अधीनस्थ को निर्देश जारी करें वे प्रतिदिन सीएम विंडो को एक बार अवश्य खोल कर देखें और अपने-अपने विभाग से संबंधित आई हुई शिकायतों को तुरंत अंडरटेक करके प्राथमिकता के साथ समाधान सुनिश्चित करें। उसे ओवरडयू नहीं होने दें। जो भी एक्शन टेकन रिपोर्ट बनाएं वह मजबूत और संतोषजनक होनी चाहिए। उन्होंने कहा कि सभी संबंधित अधिकारी व कर्मचारी सीएम विंडो से संबंधित शिकायतों को रिव्यू करें। इस कार्य में केवल कागजी कार्यवाही तक सीमित न रखें बल्कि स्वयं संज्ञान लेकर उस समस्या का समाधान करें और शिकायतकर्ता को भी संतुष्ट करें। उन्होंने कहा कि कई शिकायतें ऐसी होती हैंए जिसमें एक से ज्यादा विभागों की भूमिका होती है। इसलिए मात्र पत्राचार न करके, फोन या बैठक के माध्यम से आपसी तालमेल के साथ उस समस्या का समाधान करें। एडीसी विवेक आर्य, एएसपी सोनाक्षी सिंह, डीएमसी गुलजार, जिप के सीईओ अनिल दून, जींद एसडीएम सत्यवान सिंह मान, जुलाना एसडीएम होशियार सिंह, आरटीए गिरीश, नगराधीश डा. आशीष देशवाल आदि मौजूद रहे।


नगूरां सब डिविजन में कर्मचारियों को संबोधित करते राज्य उप प्रधान राजा शामदों।

### बैठक कर जताया विरोध

अलेवा। बिजली निगम कर्मचारियों के निलबंन के विरोध में सब डिविजन नगूरां में बैठक का आयोजन किया गया। जिसकी अध्यक्षता सब यूनिट प्रधान जसबीर चहल ने की व संचालन सब यूनिट सचिव संदीप किठाना ने किया। सब यूनिट प्रधान जसबीर ने बताया कि गेट मिटिंग का मुख्य उद्धेश्य सफीदों डिविजन में चोरी पकडने गई टीम को निलंबन करना है।

**बोली सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि गांव पाडला में पंचायत द्वारा डिलसर वाले तालाब व शिव मंदिर वाले तालाब की मछली पालन हेतु बोली दिनांक 28-05-2025 को 10:00 बजे गांव की महाराणा प्रताप चौपाल में करवाई जाएगी। सिक्योरिटी के तौर पर 50 हजार रुपये लिए जाएंगे। बोली की अन्य नियम व शर्तें मौके पर बता दी जाएंगी।

**रामभज सरपंच, गुरदीप ग्राम सचिव**
8814090492 -9992684966

## खबर संक्षेप

### सेना ने हर भारतीय का सिर गर्व से ऊंचा किया

**जींद।** राष्ट्रीय व्यापारी सुरक्षा फोरम की बैठक हुई। मनोज जैन ने कहा कि हम व्यापारी सुरक्षा फोरम संस्थान कश्मीर में निर्दोष लोगों की धर्म पूछ कर आंतकियों द्वारा निर्मम हत्या का बदला हमारी बहादुर सेना ने पाकिस्तान में घुस कर लिया। देशवासियों का मस्तक गर्व से ऊंचा किया है। आतंकी ठिकानों को ध्वस्त करने के साथ 100 से ज्यादा आतंकी मारे गए। हमेशा परमाणु बम की धमकी देने वाला देश गिड़गिड़ाने को विवश कर दिया।

### ऑपरेशन सिंदूर: सम्मान में निकाली तिरंगा यात्रा

**पूंडरी।** देश की वीरता, एकता और राष्ट्रभक्ति को समर्पित एक विशेष तिरंगा यात्रा का आयोजन 22 मई को पूंडरी में किया जा रहा है। यात्रा सुबह 8.30 बजे पूंडरी इंडोर स्टेडियम से आरंभ होगी और पूरे शहर में राष्ट्रभक्ति का संदेश फैलाएगी। निधि मोहन ने बताया कि ऑपरेशन सिंदूर के सम्मान में आयोजित इस यात्रा का उद्देश्य हमारे शहीद सैनिकों को सच्ची श्रद्धांजलि अर्पित करना है, जिन्होंने देश की रक्षा में अपने प्राणों की आहुति दी। तिरंगा यात्रा से नागरिकों में राष्ट्रप्रेम, समरसता और साझा उत्तरदायित्व की भावना जगाना है।

### मशीनों के संचालन को ट्रैक्टर ऑपरेटरों से अनुबंध

**जींद।** एडीसी विवेक आर्य ने बताया कि कृषि विभाग किसानों के हित में जिले में कृषि भूमि समतल करने के लिए तीन लैंड लेजर लेवलर मशीनों के संचालन के लिए ट्रैक्टर ऑपरेटरों से अनुबंध किया गया है। इस स्कीम के तहत कोई भी किसान प्रति घंटा 110 रुपये का बैंक चालान बनवा कर अपने खेत को लेजर लेवलर मशीन से समतल करवा सकता है। कम से कम दस घंटे का चालान बनवाना अनिवार्य है। खेत में ट्रैक्टर चालन में लगने वाले डीजल का वहन किसान द्वारा किया जाएगा।

### गर्मी में हर उपभोक्ता के लिए जल युद्ध के समान

**कैथल।** गर्मी के मौसम में पीने के पानी के सदुपयोग और बबार्दी को रोकने के लिए अब जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग जल जीवन मिशन के अंतर्गत विभिन्न गतिविधियों के माध्यम से आमजन को जागरूक करेगा। जल एवं स्वच्छता सहायक संगठन, हरियाणा के निदेशक एवं चीफ इंजीनियर राजीव बातिश की अध्यक्षता में आयोजित राज्य स्तरीय बैठक में यह निर्णय लिया गया। प्रत्येक घर में गर्मी के मौसम में सुचारू रूप से पेयजल आपूर्ति सुनिश्चित की जाएगी।

### कन्या भ्रूण हत्या: दोषी पाए जाने पर होगी सजा

**जींद।** सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र खरकरामजी के अंतर्गत दरियावाला गांव में एक सभा का आयोजन किया। बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ पर शपथ दिलाई और पीएनडीटी एक्ट की जानकारी से अवगत करवाया। एएनएम राजवंती ने कहा कि बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ योजना बालिकाओं को संरक्षित और सुरक्षित करने के लिए बनाई गई योजना है। इस योजना का मुख्य उद्देश्य बालिकाओं की शिक्षा सुनिश्चित करना, बालिकाओं को शोषण से बचाना व उन्हें सही, गलत के बारे में अवगत कराना है।

---

### 24 से 30 मई तक चलेगी उपचुनाव की नामांकन प्रक्रिया

# 15 जून को होंगे पंच, सरपंच व बीडीसी उपचुनाव, उसी दिन घोषित होंगे परिणाम

**जिले में 35 पंच, दो सरपंच और दो सदस्य पंचायत समिति सदस्य के पद के लिए होगा उपचुनाव**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कैथल

जिले निर्वाचन अधिकारी (पंचायत) एवं डीसी प्रीति ने बताया कि हरियाणा राज्य निर्वाचन आयोग ने हरियाणा पंचायत राज निर्वाचन नियम 1994 के तहत पंचायती राज संस्थाओं के पंच, सरपंच व सदस्य पंचायत समिति के प्रस्तावित उप चुनाव के कार्यक्रम लिए अधिसूचना जारी की है। जिसके तहत नामांकन प्रक्रिया 24 मई से शुरू होगी, 30 मई तक जारी रहेगी। रविवार व राजपत्रित अवकाश के दिन नामांकन दाखिल नहीं होंगे। शनिवार 31 मई को नामांकन पत्रों की जांच की जाएगी। दो जून को सायं तीन बजे तक उम्मीदवार नामांकन वापस ले सकता है और इसी दिन दोपहर बाद तीन बजे उम्मीदवारों को चुनाव चिन्ह आबंटित किए जाएंगे। इसके बाद रविवार 15 जून को सुबह आठ बजे से सायं छह बजे तक मतदान होगा और इसी दिन मतगणना करके परिणाम की जाएगी।

उन्होंने बताया कि उप-चुनाव की अधिसूचना के साथ ही पंचायती राज संस्थाओं के उन क्षेत्रों में जहां उप चुनाव होने हैं, आदर्श चुनाव आचार संहिता प्रभावी हो चुकी है, जिसकी सभी को पालना करनी होगी। आयोग की ओर से पंच-सरपंच पद का चुनाव लड़ने के लिए शैक्षणिक योग्यता निर्धारित की गई है। पंच, सरपंच व सदस्य पंचायत समिति के चुनाव लड़ने वाले सामान्य वर्ग के उम्मीदवारों के लिए दसवीं अनिवार्य योग्यता तय की गई है, जबकि महिला (सामान्य) और अनुसूचित जाति के उम्मीदवारों के लिए योग्यता आठवीं है। पंच पद के लिए अनुसूचित जाति वर्ग की महिला उम्मीदवार के मामले में न्यूनतम योग्यता पांचवीं पास निर्धारित है।

#### यहां पर होगें उप-चुनाव

डीसी प्रीति ने बताया कि कैथल के वार्ड 10 तथा गुहला के वार्ड नंबर 14 में सदस्य पंचायत समिति के लिए उप चुनाव होगा। वहीं गांव शेरगढ़ तथा जाखौली कमान में सरपंच पद के लिए उप चुनाव होगा। इसी प्रकार पंच के पद के लिए धौंस गांव में वार्ड दो, सांघन गांव में वार्ड आठ, सिसला में वार्ड छह, उझाना में वार्ड नंबर 2,3,4, 6 व 7, सिरटा गांव में वार्ड दो, छौत गांव में वार्ड तीन, गुहणा में वार्ड चार, मालखेड़ी में वार्ड एक, बीरबांगड़ा में वार्ड तीन, गुलियाना में वार्ड तीन, कोटड़ा में वार्ड चार, जाखौली कमान में वार्ड सात, कुकरकंडा में वार्ड सात, रोहेड़ा में वार्ड तीन, हरसौला में वार्ड पांच व दो, कवारतन में वार्ड सात, रामथली में वार्ड एक में चुनाव होंगे। मेगा माजरा में वार्ड एक व चार, ढुंढवा गांव के वार्ड पांच, नरवलगढ़ के वार्ड तीन, गांव जठहेड़ी के वार्ड चार, भाणा के वार्ड एक, गांव कौल के वार्ड चार में, खेड़ी साकरा में वार्ड चार, धेरडू गांव में वार्ड एक, गांव छन्ना जाटान के वार्ड छह, डंडोता के वार्ड छह, सात व आठ में पंच पद के लिए उप चुनाव होगा।

#### उम्मीदवारों के लिए चुनाव खर्च सीमा निर्धारित

डीसी एवं जिला निर्वाचन अधिकारी प्रीति ने बताया कि पंचायती राज संस्थाओं के उप चुनाव के तहत पंच पद का चुनाव लड़ने वाले प्रत्याशियों की खर्च सीमा 50 हजार रुपये, सरपंच पद का चुनाव लड़ने वाले प्रत्याशियों की खर्च सीमा दो लाख रुपये और सदस्य पंचायत समिति के लिए 3 लाख 60 हजार निर्धारित की गई है। सभी चुनाव लड़ने वाले प्रत्याशियों को चुनाव खर्च का ब्यौरा रखना होगा।

### एसई ने सुनी बिजली उपभोक्ताओं की शिकायतें, किया समाधान

**जुलाना।** जुलाना कस्बे की पंजाबी धर्मशाला में दक्षिण हरियाणा बिजली वितरण निगम द्वारा बिजली अदालत का आयोजन किया गया। जींद के अधीक्षक अभियंता एमएएल सुखीजा ने बिजली की समस्याएं सुनी। इस मौके पर उपमंडल अधिकारी अशोक कुमार, कनिष्ठ अभियंता चन्द्र मोहन, पवन कुमार मौजूद रहे। जिसमें काफी संख्या में लोग बिजली की समस्या लेकर पहुंचे। इस मौके पर गलत बिलिंगए ब्याज माफी योजनाए बिजली लाइनों को स्थानांतरित करना, वोल्टेज समस्या, खराब मीटर की समस्याएं जैसी समस्याएं अधीक्षक अभियंता एमएएल सुखीजा के समक्ष रखी गई। जिसके बाद बिजली बिलों, ब्याज माफी योजना, खराब मीटर को बदलने जैसी समस्याओं को उपमंडल अधिकारी अशोक कुमार को तुरंत प्रभाव से समाधान करने के निर्देश दिए। बिजली लाइनों को स्थानांरतण करने और सोलर कनैक्शनों जैसी समस्याओं को भी निश्चित समय अवधी में समाधान करने के निर्देश दिए। बिजली अदालत में बिजली बिलों और ब्याज माफी योजना के तहत बिल ठीक किए जाने की शिकायतें ज्यादा आई। उन्होंने कहा कि बिजली निगम द्वारा इस प्रकार की बिजली अदालत लगाए जाने का मुख्य उद्देश्य उपभोक्ताओं की संतुष्टि के लक्ष्य को प्राप्त करना हैं। बिजली निगम द्वारा अच्छी बिजली आपूर्ति देने के लिए अनेक योजनाएं चलाई हुई हैं। जिसके तहत गांव-गांव में पुराने बिजली के पोल और तारों को बदलकर नए पोल और तारें लगा कर पर्याप्त बिजली सुविधा देना हैं। जिन गांवों में मेरा गांव जगमग गांव योजना का कार्य पूरा किया जा चुका हैं वहां पर अधिक से अधिक समय यानि 22 से 23 घंटे बिजली आपूर्ति दी जा



रही हैं। जुलाना सब डिवीजन के अंतर्गत आने वाले गांवों में भी म्हारा गांव जगमग गांव का कार्य चल रहा है। कहीं पर पूरा भी कर लिया गया हैं। सुखीजा ने बताया कि अगर सभी गांवों में म्हारा गांव जगमग गांव का कार्य पूरा हो जाएगा तो बिजली के हादसों पर रोक लगेगीए ग्रामीणों को पर्याप्त बिजली आपूर्ति मिलेगी और उन्हें बिजली की किसी प्रकार की समस्या का सामना नहीं करना पड़ेगा। एसई ने ग्रामीणों और शहर के लोगों से अपील की कि वे समय पर अपना बिजली बिल अदा करें और एक अच्छे उपभोक्ता बने। इसके अलावा उन्होंने उपभोक्ताओं को बिजली चोरी न करने के लिए प्रेरित कियाए क्योंकि बिजली चोरी करना एक दंडनीय अपराध हैं और जो भी व्यक्ति बिजली चोरी करते हैं तो उसके खिलाफ बिजली एवं सिंचाई थाना में मामला दर्ज करवा कर उसके खिलाफ कानूनी कार्रवाई की जाएगी और जुर्माना लगाया जाएगा। जुर्माना न भरने की सूरत में उन्हें जेल भी हो सकती है। इस मौके पर उनके साथ विरेंद्र गोयत लाइनमैन, मंजीत नैन, रामनिवास लाइनमैन, यशदीप, बलजीत, योगेश, नवीन इत्यादि मौजूद रहे।

---

## सरकार की धमकियों के विरोध में आशा वर्कर्स का विरोध प्रदर्शन

- गर्भवती महिलाओं को नि :शुल्क अल्ट्रासाउंड सुविधा दे सरकार।



**कैथल ।** अपनी मांगों को लेकर ज्ञापन सौपती आशा वर्कर।

**कैथल।** हरियाणा की सरकार कन्या भ्रूण हत्या को रोकने के लिए स्वास्थ्य विभाग में काम करने वाली आशा वर्कर्स को धमकी भरे पत्र भेज रही है। अखबार में धमकी भरे बयान देकर सरकार अपनी नाकामी को छुपाना चाहती हैं। विभाग में काम करने वालों को धमका कर प्राइवेट अल्ट्रासाउंड केंद्रों को खुली छूट दे रही है। सरकारी स्वास्थ्य ढांचे को बर्बाद कर रही है। अगर सरकार कन्या भ्रूण हत्या को रोकना चाहती है तो प्रदेश में सभी अल्ट्रासाउंड केंद्रों को सरकारी स्वास्थ्य के ढांचे में शामिल कर गर्भवती महिलाओं के जरूरत पड़ने पर फ्री अल्ट्रासाउंड करवाने की जिम्मेदारी उठाऐ। आज तक सरकार ने गर्भवती महिलाओं के लिए जितनी योजनाएं लागू की है वह केवल घोषणा है और कागजों तक ही सीमित है। प्रदेश में किसी पीएचसी पर महिला रोग विशेषज्ञ बाल रोग विशेषज्ञ और पीएचसी पर डिलीवरी होने के समय अगर कोई इमरजेंसी होती है तो उसे इमरजेंसी को संभालने के लिए महिला डॉक्टर तक उपलब्ध नहीं है।

## पवनार पब्लिक स्कूल कैथल में गीतांजलि रही स्कूल में प्रथम

- दसवीं बोर्ड परीक्षा में गीतांजलि ने प्राप्त किए 96 प्रतिशत अंक।



गीतांजलि



दिया

**कैथल।** पवनार पब्लिक स्कूल कैथल का दसवीं कक्षा बोर्ड का परीक्षा परिणाम शानदार रहा। प्राचार्य जोगिंदर दूल ने बताया कि 30 में से 24 (80%)विद्यार्थियों ने मैरिट तथा पांच विद्यार्थियों ने प्रथम श्रेणी हासिल कर स्कूल तथा अपने माता-पिता का नाम रोशन किया। परिणाम शत प्रतिशत रहा। 4 विद्यार्थियों ने इंग्लिश में तथा 5 विद्यार्थियों ने म्यूजिक में 100 में से 98 अंक प्राप्त किए। 10 विद्यार्थियों ने 90% से अधिक अंक प्राप्त किए। होनहार छात्रा गीतांजलि ने 96% अंक प्राप्त कर विद्यालय में प्रथम स्थान हासिल किया। दिया ने 95.2% अंक प्राप्त कर द्वितीय स्थान तथा साक्षी ने 95% अंक से तृतीय स्थान प्राप्त कर जिला टॉप टेन सूची में नाम दर्ज करवा अपने माता-पिता तथा विद्यालय को गौरवान्वित किया। मैरिट प्राप्त छात्रों ने अपने गुरुजनों को मिठाई खिलाकर खुशी के पलों को दोगुना किया। प्रबंधक राजश्री ने शत प्रतिशत परिणाम तथा मैरिट में आए विद्यार्थियों के लिए उनके अध्यापकों, माता- पिता तथा विद्यालय के सफल प्रबंधन को श्रेय देते हुए बधाई दी।

---

## आहूँ में नवीन संकल्प शिविर लगाया

- सांसद नवीन जिंदल की तरफ से किया गया आयोजन।

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पूंडरी

सांसद कुरुक्षेत्र नवीन जिन्दल की ओर से कुरूक्षेत्र संसदीय क्षेत्र में नवीन संकल्प शिविरों का लगातार सफल आयोजन किया जा रहा है। इन शिविरों में पात्र नागरिकों की सरकारी कागजातो की खामियां दूर कर, सरकारी योजनाओं का लाभ देने का सहरानिय काम लगातार किया जाता रहा है।

कार्यालय प्रभारी शंकर गोयल ने बताया कि इन शिविरों का मुख्य उद्देश्य कुरुक्षेत्र संसदीय क्षेत्र के पात्र, अधिक से अधिक नागरिकों को लाभान्वित करना है। ये संकल्प शिविर नियमित रूप से कुरूक्षेत्र संसदीय क्षेत्र में लगातार आयोजित किये जा रहे हैं।



**पूंडरी।** नवीन संकल्प शिविर में उपस्थित स्टॉफ व अन्य। फोटो : हरिभूमि

इस कड़ी में नवीन जिन्दल फाउंडेशन द्वारा 20 मई मंगलवार को पुंडरी विधानसभा के गांव आहूँ की मेहला पट्टी चौपाल में सुबह 10 से 4 बजे तक नवीन संकल्प शिविर का सफल आयोजन किया गया। कैंप का शुभारंभ सरपंच धीर सिंह ने किया। अरविंद गोलन ने बताया कि आज के नवीन संकल्प शिविर में 51 लोगों को कागजात और नवीन जिन्दल यशस्वी छात्रवृत्ति योजना संबंधी सुविधाएं उपलब्ध कराई गई। मोबाइल मेडिकल यूनिट के माध्यम से 62 लोगों को निःशुल्क परामर्श और दवाइयां दी गई।

### कोमल ने प्राप्त किए 500 में से 464 अंक

**नरवाना।** न्युएमडी स्कूल खरल की छात्रा कोमल सुपुत्री विजय धीमान खरल चेयरमैन पैक्स बैंक की बेटी ने 10वी क्लॉस में 500 में से 464 अंक प्राप्त किए हैं स्कूल प्रबंधक सुरेश कुमार ने पास होने पर बच्चों को बधाई दी और कहा कि हम बच्चों के उज्जवल भविष्य की कामना करते हैं कोमल ने कहा कि इस कामयाबी पर स्कूल प्रबंधक और टीचर्स व उसके माता.पिता का सहयोग रहा है टीचर रेणु देवी का विशेष योगदान रहा। प्रबंधक सुरेश कुमार 1993 ब विधालय का संचालन कर रहे हैं और उनका उद्देश्य ग्रामीण आंचल के बच्चों को अच्छी से अच्छी शिक्षा देना है जिसमें वो बच्चों की हर सम्भव मदद करने का प्रयास करते हैं।

## सेक्टर की सड़कों में गड्डे, उखड़ी बजरी

- सुविधा के नाम पर अधिकारी खिला रहे बीरबल की खिचड़ी।

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

प्रमुख समाजसेवी एवं कांग्रेसी नेता पवन गर्ग ने कहा कि हरियाणा विकास प्राधिकरण यानी हुड्डा के जिन सैक्टरों में प्लॉट बेचने के दौरान लोगों से मोटी राशि वसुली थी। लोग सुविधाओं से महरूम है। जींद के सैक्टर 6, 7, 8 की सड़के इस कदर खस्ता हालात में है कि किसी भी समय बड़ी दुर्घटना घट सकती है। जिन लोगों ने 60-70 हजार प्रति गज जमीन लेकर इन सैक्टरों में करोड़ो खर्च कर शानदार आशियाने बनाये है वे भी सड़कों की दुर्दशा के कारण अपने आंसू निकाल





**जींद।** हुड्डा के सैक्टर की सड़क के दयनीय हालातव सवाल उठाते हुए समाज सेवी एवं कांग्रेसी नेता पवन गर्ग। फोटो : हरिभूमि

रहे है। विडंबना यह है कि टूटी-फूटी सड़कों, उखड़ी हुई बजरी और गड्डो के कारण सैक्टरों में रहने वाले लोग परेशानी के दौर से गुजर रहे है। विभाग के अधिकारी समस्या के समाधान के लिए कतई भी संजीदगी नहीं दिखा रहे है। गर्ग ने कहा कि सैक्टरों की इन सड़कों की दयनीय दशा आज की नहीं बल्कि पुरानी है। पवन गर्ग ने कहा कि उनका निवास स्थान भी सैक्टर में है। टूटी हुई सड़को से निकलना हर रोज पड़ता है। हुड्डा की सड़कों के दयनीय हालात ऐसे है जिसके कारण दूसरों को यह बताने में शर्म आती है कि हम सैक्टरों में रहते है।

## गेहूं के अवशेष नहीं जलाने के आदेश कागजों तक सिमटे

**राजौंद।** कृषि विभाग व जिला प्रशासन द्वारा गेहूं के अवशेष न जलाने के आदेश यहां कागजों में सिमटकर रह गए हैं। किसानों द्वारा गेहूं के अवशेषों के साथ छोटे बड़े सैकड़ों पौधों को भी आग के हवाले किया जा रहा है। प्रकृति की अनमोल धरोहर व पर्यावरण के सजग प्रहरी वृक्ष आगजनी का शिकार होकर राख में तबदील होते कही भी देखे जा सकते हैं। किसानों को जैसे ही समय मिलता है, गेहूं के अवशेषों के साथ वृक्षों को भी आग के हवाले कर देते हैं। प्रशासन व कृषि विभाग द्वारा अभी तक इस कार्यवाही को



**राजौंद।** अवशेषों के साथ साथ आग की भेंट चढ़ते हुए पेड़।

अंजाम देने वाले लोगों के खिलाफ सख्त कदम न उठाने के कारण पेड़ों व अवशेषों को आग लगाने वाले किसानों के हौसले बुलंद हुए हैं। कई लोगों ने बताया कि गेहूं के अवशेषों के साथ हर वर्ष जितने पेड़ पौधे आग की बली चढ़ा दिए जाते हैं।

## अब कुछ भाग पर रहेगी तार बंधी

- तालाब खुदाई शुरू होने के बाद दोनों स्थानों पर होगा मिट्टी का भराव

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कलायत

कलायत के गांव कमालपुर में तीन दिनों से श्मशान भूमि पर मिट्टी भराव को लेकर दो पक्षों में चल रहे भारी तनाव का आखिरकार मंगलवार को प्रशासन ने हल कर दिया। एसडीएम अजय हुड्डा की मौजूदगी में अधिकारियों और ग्रामीणों के बीच कई दौर की बातचीत के बाद तनाव की स्थित अमन-चैन में तबदील हुई। हालांकि पिछले कई दिनों से ही गांव में भारी पुलिस बल की तैनाती



**कलायत।** गांव कमालपुर में जमीनी विवाद को लेकर मुस्तैद सरकारी अधिकारी-कर्मचारी।

सुबह से देर रात्रि तक प्रशासन को शांति बहाली के लिए करनी पड़ रही थी। अब जो सर्व सम्मति से ग्रामीणों की सहमति बनी है उसके अनुसार खसरा नंबर 133 के कुछ भाग पर तार बंधी रहेगी। इस पर दोनों पक्षों में सहमत हो गई। जबकि तालाब खुदाई शुरू करने के उपरांत ही दोनों स्थानों पर मिट्टी डालने का कार्य शुरू किया गया। कमालपुर ब्राह्मण समाज के प्रतिनिधि रघुबीर, महिपाल, मनीराम और ईश्वर शर्मा ने

## सैनिकों के सम्मान में भाजपा ने हरियाणा में निकाली तिरंगा यात्रा

**जींद।** देश के सैनिकों को सम्मान देने व उनका हौंसला बढ़ाने के लिए भाजपा सरकार ने मंडल स्तर से लेकर विधानसभा व प्रत्येक लोकसभा क्षेत्र में तिरंगा यात्रा निकाली व भारतीय सेना को सिंदूर ऑपरेशन कि कामयाबी की बधाई दी। इस दौरान ज्यादा से ज्यादा संख्या में भाजपा कार्यकर्ताओं व सामाजिक संस्थाओं के कार्यकर्ताओं ने हाथ में तिरंगा लेकर देशभक्ति के गाने बजाते हुए व भारत माता की जय के उदघोष के साथ तिरंगा यात्रा निकाली।



एडवोकेट पुष्पा तायल।

एडवोकेट डा. पुष्पा तायल ने कहा कि पीएम मोदी ने देश की सेना को पूरी आजादी के साथ आतंकवादियों के विरुद्ध कार्यवाही करने के आदेश दिए, जो कि आज से पहले किसी भी प्रधानमंत्री ने नही दिए थे। इसका नतीजा यह हुआ कि सेना ने पूरे साहस के साथ आतंकी ठिकानों को ध्वस्त किया व आतंकवादियों को मार गिराया। भाजपा सरकार ने सेना का मनोबल बढ़ाया जिसके कारण आज हमारी सेना का मनोबल सातवें आसमान पर है।

---

## जिला अस्पताल में मरीजों को प्राइवेट रूम मुहैया करवाने की कवायद तेज

- अस्पताल प्रशासन ने जरूरी सामान का अस्टीमेट बनाया।

**जींद।** जिला मुख्यालय स्थित नागरिक अस्पताल में आने वाले मरीजों को जल्द से जल्द प्राइवेट रूम उपलब्ध हों, इसके लिए कवायद तेज हो गई है। पुरानी बिल्डिंग के तीसरे तल पर पांच कमरों को तैयार करवाया है, लेकिन आवश्यक के सामान की अभी जरूरत है। जिससे निजी अस्पतालों के कमरों को मात दे सकें। अस्पताल प्रशासन ने पांच प्राइवेट रूम के लिए नौ लाख 71 हजार 900 रुपये का बजट बना सीएमओ को भेजा है और इस बजट को जल्द से जल्द मुहैया करवाने के लिए कहा है।



**जींद।** प्राइवेट रूम के लिए अलग से बनाया गया वार्ड।

पुरानी बिल्डिंग के तीसरे तल पर पांच कमरों को तैयार करवाया गया है। इन कमरों में अटैच बाथरूम हैं और बैड लगवाए गए हैं। प्रतिदिन के हिसाब से 500 रुपये भी लिए जाएंगे। जिसकी रसीद कटेगी। एक कमरा डिलीवरी (जच्चा-बच्चा) के लिए रिजर्व रहेगा ताकि कोई भी इमरजेंसी आती है तो प्राइवेट कमरे की सुविधा दी जा सके।

## मांगों को लेकर संगठनों ने किया विरोध प्रदर्शन

**जींद।** विभिन्न ट्रेड यूनियनों, कर्मचारी संघों, रिटायर्ड कर्मचारियों ने संयुक्त रूप से सचिवालय पर मंगलवार को प्रदर्शन किया। अपनी मांगों के ज्ञापन संबंधित विभागों एवं प्रदेश के मुख्यमंत्री के नाम सौंपे। प्रदर्शन से पहले तमाम मजदूर, कर्मचारी, स्कीम वर्कर्स, किसान व रिटायर्ड कर्मचारी गोहाना रोड के ग्रीन बेल्ट में इक\` हुए। अध्यक्षता सीटू रमेश चंद्र, सकसं के जिला प्रधान संजीव ढांडा, इंटक के धर्मबीर ने की। सीटू नेता संदीप जाजवान ने किया। कपूर सिंह, राजबाला, धर्मबीर भम्भेवा ने कहा कि राष्ट्रव्यापी हड़ताल ट्रेड यूनियनों और विभिन्न श्रमिक संगठनों द्वारा केंद्र सरकार की नीतियों पर अपना विरोध दर्ज करवाया।

### चहेतों के लिए एकमंच पर आएंगे रणदीप सुरजेवाला व रामपाल माजरा

## जाट हाई स्कूल सोसायटी कैथल का चुनाव बना हाई प्रोफाइल

- प्रधान, उपप्रधान, कोषाध्यक्ष व सचिव का चुनाव एक जून को

सूरज सहारण ▶▶| कैथल

जाट हाई स्कूल सोसायटी कैथल का चुनाव हाई प्रोफाइल बनता नजर आ रहा है। चुनाव में में नॉमिनेशन का आखिरी दिन प्रधान, उपप्रधान, कोषाध्यक्ष व सचिव पद हेतु सांसद रणदीप सुरजेवाला और इनेलो प्रदेशाध्यक्ष रामपाल गुट में सर्वसम्मति से कार्यकारिणी हेतु पैनल की घोषणा हुई थी तो वहीं इस पैनल के सामने अब दूसरे सदस्यों द्वारा नामिनेशन किए जाने से चुनाव



करवाया जाएगा।

रणदीप सुरजेवाला व रामपाल माजरा ने अपने पैनल का जिक्र करते हुए कहा कि जाट हाई स्कूल संस्था में प्रधान के लिए राजकुमार बैनीवाल बुढ़ाखेड़ा, उपप्रधान के लिए बलजिंद्र भनवाला, सचिव पद के लिए एडवोकेट रश्मि ढुल, कोषाध्यक्ष पद के लिए बलकार नैन



रणदीप सुरजेवाला



रामपाल माजरा

व 11 सदस्य कमेटी में सत्यवान माजरा, कुलदीप गयोंग, राजपाल गुहना, जसबीर मानस, स्वतंत्र देवीगढ़, रजत रापड़यि, दलबीर देवबन, सन्नी चौशाला, विक्रम सौंगल, महावीर तारागढ़ व महावीर नंबरदार कैलरम शामिल हैं।

इस पैनल के सामने चुनावी दंगल में प्रधान पद के उम्मीदवार राममेहर सिंह मौण, उपप्रधान पद के लिए सतीश अटेला, सेक्रेट्री पद के लिए गुरनाम ढुल, कोषाध्यक्ष पद के लिए राजपाल लैलर उतरे हैं।

एक जून को होने वाले मतदान के लिए अपने पैनल के पदाधिकारियों की जीत सुनिश्चित करने को लेकर सांसद रणदीप सिंह सुरजेवाला तथा इनेलो प्रदेशाध्यक्ष रामपाल माजरा एक मंच से चुनाव प्रचार कर रहे हैं। इसके लिए सैक्टर 19 में चुनावी कार्यालय का शुभारंभ भी कर दिया गया है। इस पैनल के सदस्यों का कहना है कि उनके पास कुल 75 कोलाजियम में 65 कोलाजियम सदस्य उनके साथ हैं।

सुरजेवाला व माजरा पैनल के सामने आए विरोधी पैनल की चुनाव कमान शिक्षा भारती पब्लिक स्कूल कलायत के संचालक कुलदीप बिढान ने संभाल रहे हैं। इसके साथ ही इस पैनल में प्रधान पद के उम्मीदवार राममेहर सिंह मौण के भतीजे आम आदमी पार्टी के जिलाध्यक्ष जगमग मटौर भी चुनावी संभाओं को संबोधित कर रहे हैं। सांसद रणदीप सुरजेवाला और इनेलो प्रदेशाध्यक्ष रामपाल माजरा के एक मंच पर प्रचार प्रसार के चलते यह चुनाव एक तरफा नजर आ रहा है।